


उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# बदायूँ अमर प्रभात

बदायूँ, मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024 | विश्वास 40 वर्ष का | वर्ष 41 अंक 272 मूल्य : रुपये 3-00 पृष्ठ-08




आईपीएम में साधारण प्रदर्शन के चलते हार्दिक पंड्या और केएल राहुल को

गोली मारकर युवक की हत्या, युवती समेत चार हिरासत में पुलिस जल्द करेगी खुलासा

बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में गिरती जा रही है छात्रों की उपस्थिति


बदायूं, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मेरठ, मथुरा, गाजियाबाद, www.budaunamarprabhat.com संभल, मुरादाबाद, रामपुर, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, हाथरस, आगरा अलीगढ़ में प्रसारित


आज हनुमान जयंती है



# राम के गढ़ में हनुमान, अयोध्या के राजा हैं बजरंग बली..

### नवाबों से जुड़ा किस्सा दिलचस्प है



**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या नगरी में रामलला विराज चुके हैं। ऐतिहासिक राजनीतिक और कानूनी संघर्ष के बाद प्रभु के आने से श्रद्धालुओं में उत्साह भावना है। लेकिन राम के भव्य मंदिर से महज चंद कदम दूर उनके सबसे बड़े भक्त विराजमान हैं।

ऐसी मान्यता है कि भगवान राम के आदेश पर आज भी वीर हनुमान समस्त अयोध्या का कार्यभार संभालते हैं। राजद्वार के सामने ऊंचे टीले पर बने हनुमानगढ़ी मंदिर को हनुमान भगवान का घर माना जाता है। 76 सीढ़ियां चढ़कर आज भी लोग हनुमान के बाल रूप के दर्शन को जाते हैं। कहा जाता है कि अयोध्या में राम मंदिर दर्शन यात्रा बिना हनुमानगढ़ी गए हुए पूर्ण नहीं होती है। इस नवीन रूप के मंदिर का निर्माण अवध के नवाब ने कराया था। आइए समझते हैं इसका दिलचस्प इतिहास। अयोध्या के कण-कण में राम विराजमान हैं। पौराणिक आस्था है कि लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद हनुमान को राजद्वार के सामने ऊंचे टीले पर निवास मिला।

- **राजा विक्रमादित्य ने कराया था जीर्णोद्धार-** अयोध्या का जीर्णोद्धार उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने कराया था। उन्होंने राम की नगरी का वैभव वापस लौटाया था। अवंतिका नरेश विक्रमादित्य जब आखेट करते हुए अयोध्या आए तो उन्हें रामजन्म भूमि जीर्ण-शीर्ण हालत में मिली थी। इसके बाद रामजन्म भूमि पर भव्य मंदिर बनवाया गया। 84 स्तंभों का मंदिर भी नाया। उन्होंने हनुमानगढ़ी पर मंदिर भी बनवाया। हालांकि बाद में मुगल काल में औरंगजेब के शासन के समय यहां काफी नुकसान पहुंचा था।
- **अवध के नवाब ने बनावाया भव्य मंदिर-** 17वीं सदी में हनुमानगढ़ी मंदिर टीले पर एक पेड़ के नीचे विराजमान था। कहा जाता है कि उस समय यह क्षेत्र अवध के नवाबों के क्षेत्र में आता था। वर्तमान में जो मंदिर नजर आता है, उसका इतिहास आज से 300 साल पुराना है। नवाब सिराजुद्दौला ने इस मंदिर को भव्य रुप में स्थापित कराया था। उस समय नवाब सिराजुद्दौला के बेटे को कोई बीमारी हो गई थी। नवाब यहां पूजा अर्चना करने वाले बाबा अभयरामदासजी जी के पास आए और शहजादे को स्वास्थ्य लाभ हो गया।

संक्षिप्त समाचार

## केजरीवाल को अपने डॉक्टर से परामर्श की इजाजत नहीं मिली

- कोर्ट का निर्देश-एम्स मेडिकल बोर्ड बनाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शराब नीति केस में 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने डॉक्टर से कंसल्ट नहीं कर पाएंगे। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को उनकी याचिका खारिज कर दी।
स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की



मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने एम्स को निर्देश दिया कि वह केजरीवाल की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड बनाएं ताकि यह पता चल सके कि उन्हें शुगर लेवल कंट्रोल करने के लिए इंसुलिन की जरूरत है। इसके अलावा उनके अन्य मेडिकल जरूरतों का भी पता लगाएं।
**केजरीवाल ने तिहाड़ जेल सुपरिंटेंडेंट को चिट्ठी लिखी, कहा- आपके दोनों बयान झूठे-** अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को तिहाड़ जेल सुपरिंटेंडेंट के नाम एक चिट्ठी लिखी है। सूत्रों के मुताबिक इस चिट्ठी में केजरीवाल ने लिखा है- मैंने अखबार में तिहाड़ जेल प्रशासन का बयान पढ़ा, जिसे पढ़कर बहुत दुख हुआ। तिहाड़ के दोनों बयान झूठे हैं।

हाईकोर्ट का आदेश

## बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

- 8 साल की सैलरी लौटाएं
- ममता बोलीं- फैसला गैरकानूनी, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

**कोलकाता (एजेंसी)।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए। सीएम ममता बनर्जी ने कहा हम सुप्रीम कोर्ट



जाएंगे। जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने कहा- कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे।

हाईकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा- हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

अलीगढ़ में पीएम मोदी बोले-

# इंडी गठबंधन की नजर आपकी प्रॉपर्टी पर

- ये सत्ता में आए तो लोगों के घर, गाड़ियां, सोना कब्जे में लेकर बांट देंगे
- अब इनकी नजर हमारी माताओं-बहनों के मंगलसूत्र पर है...

### इंडिया गठबंधन वाले निराशा में डूबे हुए हैं

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) को आज तक इसकी चाबी नहीं मिली है। सोमवार को यहां आयोजित जनसभा में मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है, आपकी संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई, तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी प्रॉपर्टी है, उसकी जांच कराएंगे। इतना ही नहीं, वो आगे कहते हैं कि ये जो संपत्ति है, उसको कब्जे में लेकर सरकार सबको बांट देगी। ये उनका मेनिफेस्टो कह रहा है। अब



इनकी नजर कानून बदलकर, हमारी माताओं-बहनों की संपत्ति छीनने पर भी है। इनकी नजर अब उनके मंगलसूत्र पर है। पीएम मोदी ने कहा- ये इंडिया गठबंधन वाले इतनी निराशा में डूबे हुए हैं कि भविष्य की ओर देखने के लिए इनमें हौंसला ही नहीं रहा।

- **पसमांदा मुसलमानों की मुसीबत की चर्चा करता हूं, तो इनके बाल खड़े हो जाते हैं-** तीन तलाक से पीड़ित कितनी ही बेटियों का जीवन तबाह हो गया था। अब मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर उनका जीवन सुरक्षित किया है। जब मैं पसमांदा मुसलमानों की मुसीबत की चर्चा करता हूं, तो इनके बाल खड़े हो जाते हैं

**योगी जी जैसा साथी मेरे लिए गर्व की बात, अलीगढ़ में नरेन्द्र मोदी ने की यूपी सीएम की तारीफ-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि योगी जी जैसा साथी होना उन्हें गर्व की अनुभूति कराता है। पीएम मोदी ने अलीगढ़ लोकसभा सीट पर आयोजित विशाल रैली को संबोधित किया। इस दौरान कहा कि एक समय था, जब हमारी बहन-बेटियां घर से बाहर नहीं निकल पाती थीं।

# 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन की इजाजत

### नाबालिग रेप विक्टिम की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश, सीजेआई बोले- यह असाधारण मामला है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने 14 साल की रेप पीड़ित लड़की की 30 हफ्ते की प्रेगनेंसी को टर्मिनेट करने की इजाजत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने इस मामले में पूर्ण न्याय के लिए संविधान के अनुच्छेद-142 का इस्तेमाल किया। इस अनुच्छेद के तहत अपनी शक्ति का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई के सायन स्थित लोकमान्य तिलक महानगर पालिका सर्वसाधारण रुग्णालय व वैद्यकीय महाविद्यालय (एलटीएमजीएच) के डीन को निर्देश दिया है कि वह नाबालिग के गर्भपात कराने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन करें।

सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के उस



फैसले को भी रद्द कर दिया जिसमें हाई कोर्ट ने नाबालिग लड़की की अर्जी खारिज कर दी थी।

## एमडीएच-एवरेस्ट समेत अन्य मसालों के सैंपल जांचे जाएंगे

- हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में बैन के बाद भारत सरकार का एक्शन, इन प्रोडक्ट्स से कैंसर का खतरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसालों की सेल पर बैन के बाद अब भारत सरकार ने फूड कमिश्नर्स से इनके सैंपल कलेक्ट करने को कहा है। मीडियो रिपोर्ट्स




में इस बात की जानकारी दी गई है। दोनों कंपनियों के इन प्रोडक्ट्स में कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की ज्यादा मात्रा होने के कारण इन्हें बैन किया गया था।

इन प्रोडक्ट्स में इस पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है। हॉन्गकॉन्ग के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कहा था कि एमडीएच ग्रुप के तीन मसाला मिक्स- मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा पाई गई है। एवरेस्ट के फिश करी मसाला में भी यह कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड पाया गया है।

**तीन-चार दिनों में सैंपल कलेक्ट हो जाएंगे, 20 दिनों में लैब रिपोर्ट-** सरकारी सूत्रों ने कहा, देश के सभी फूड कमिश्नर्स को इस मामले को लेकर अलर्ट कर दिया गया है। मसालों के सैंपल कलेक्शन की प्रोसेस शुरू कर दी गई है। तीन से चार दिनों में एमडीएच और ऐवरेस्ट समेत देश की सभी कंपनियों की मसाला मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स से सैंपल्स कलेक्ट कर लिए जाएंगे।

इनकी लैब रिपोर्ट करीब 20 दिनों में आएगी।

## लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुला

- सूरत के कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध जीते
- कांग्रेस कैंडिडेट का पर्चा रद्द हुआ, 8 ने नाम वापस लिया



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर निर्विरोध जीत हासिल करके बीजेपी ने इतिहास रच दिया है। पार्टी के कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित होने वाले बीजेपी के पहले सांसद बने हैं। सूरत के दंगल में अंतिम मौके पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी प्यारे लाल भारती मैदान में बचे थे। नाम वापसी की समय-सीमा खत्म होने से ठीक एक घंटा पहले उन्होंने जैसे ही नाम वापस लिया। वैसे ही मुकेश दलाल बीजेपी के लोकसभा चुनावों में निर्विरोध जीतने वाले पहले सांसद बन गए।

# वो घुसपैठियों में आपकी संपत्ति बांटना चाहते हैं...

### पीएम मोदी के बयान पर बौखलाई कांग्रेस, कहा- ये तो हेट स्पीच है

**नई दिल्ली/जयपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री ने रविवार को राजस्थान के बांसवाड़ा से कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। इसके लिए मोदी ने पूर्व मनमोहन सिंह के बयान का भी हवाला दिया। मोदी ने मनमोहन सिंह के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर 'पहला हक' अल्पसंख्यक समुदाय का है। पीएम ने कहा कि ये अर्बन नक्सल वाली सोच है, मेरी माताओं- बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। इस हद तक चले जाएंगे। मोदी के इस बयान के बाद एक बार फिर देश की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसे हेट स्पीच की संज्ञा दी।

**चुनाव आयोग की शरण में कांग्रेस-** कांग्रेस ने चुनाव आयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संपत्ति बांटने वाले भाषण के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत की है। पार्टी ने आयोग से कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### अखिलेश नहीं लड़ेंगे चुनाव,तेज प्रताप यादव को बनाया प्रत्याशी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीटों में शुमार कन्नौज लोकसभा सीट पर सपा उम्मीदवार को लेकर चल रहा सस्पेंस सोमवार को समाप्त हो गया। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव इस सीट से चुनाव नहीं लड़ेगे। यहां से उन्होंने तेज प्रताप यादव को मौका दिया है।

### तेजस्वी ने परिवारवाद पर यूं दिया नीतीश को जवाब,सुभाष चंद्र बोस 14 भाई-बहन थे

**पटना (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव की रैलियों में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार परिवारवाद को लेकर आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार लगातार अटैक कर रहे हैं। परिवार पर हो रहे हमलों का जवाब तेजस्वी यादव ने दिया है। तेजस्वी यादव ने सोमवार को देश के उन बड़े नेताओं के परिवार का जिक्र किया है, जिनके ज्यादा बच्चे हैं या वे खुद कई भाई बहन रहे। तेजस्वी ने इस लिस्ट में स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव से लेकर नीतीश कुमार के परिवार का जिक्र किया है।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा बोले-

## कांग्रेस सदा राम-सनातन विरोधी रही

- इंडी अलायंस बेल पर या जेल में; मोदी राजनीति को विकासवाद पर ले गए

**रायपुर/लोरमी (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस और इंडी अलायंस पर जमकर निशाना साधा। मुंगेली के लोरमी में सोमवार को जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि, ये अलायंस या तो जेल में हैं या फिर बेल पर है। उन्होंने कहा कि,



कांग्रेस सदा-सदा राम और सनातन विरोधी रही है। क्या इसी कांग्रेस की सरकार नहीं थी, जब आप ने कोर्ट में एफिडेविट दिया था कि राम काल्पनिक है। राम का कोई ऐतिहासिक वजूद नहीं है।

# बाप रे! रिफाइन और पाउडर से बन रहा मावा

- म.प्र.के भिंड में फूड विभाग की छापेमारी में बड़ा खुलासा

**भोपाल/भिंड (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के भिंड में फूड विभाग की छापेमारी में बड़ा खुलासा हुआ है। एक डेयरी में रिफाइन और पाउडर से मावा तैयार किया जा रहा था। यह देखकर फूड विभाग के अधिकारी हैरान रह गए हैं। मौके से 240 किलो नकली मावा मिला है। साथ ही अन्य डेयरी प्रोडक्ट में भी मिलावट की जा रही थी। मध्य प्रदेश के चंबल इलाके में मिलावट का धंधा जोरों पर है। डेयरी प्रोडक्ट में भी जमकर मिलावट हो रहा है। भिंड जिले में नकली मावा बनाने वाली एक फैक्ट्री का खुलासा हुआ है, जहां रिफाइन और पाउडर से मावा तैयार किया जा रहा है। इस मावे की सप्लाई बाजारों में होती थी। इसी से मिठाई बनते थे। शादी-विवाह की सीजन में इसकी खपत ज्यादा होती थी। मिलावटी मावे से बनी मिठाइयां लोग चाव से खाते थे। ऐसे में अगर आप भी बाजार से मावा खरीदने जा रहे हैं तो इस वीडियो को देख लें।



### मिलावटी मावा जब्त

दरअसल, भिंड के देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बक्शीपुर में फूड विभाग ने दो डेयरी पर कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान 2 लाख से भी अधिक कीमत का मिलावटी मावा जब्त किया है। बताया जा रहा है कि शादी सीजन में मावा की जबरदस्त डिमांड मार्केट में आ रही है। बताया जा रहा है कि डिमांड के बराबर जब मार्केट में मावा उपलब्ध नहीं हो रहा है तो लोग अब इसमें हानिकारक तत्वों को मिलाकर नकली मावा और घी तैयार कर रहे हैं।

**ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा बन रहा-** ग्रामीण अंचल में यह काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसे शहरों में लाकर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। लोग भी बड़े चाव के साथ इसे खा रहे हैं। साथ ही इसका आनंद ले रहे हैं।

छत्तीसगढ़-कांकेर में अमित शाह बोले-

## मठ-मंदिरों और संपत्ति पर कांग्रेस की नजर

- मनमोहन सिंह ने कहा था संसाधन पर पहला हक माइनॉरिटी का

**रायपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के मठ मंदिरों पर कांग्रेस की नजर है। यहां का पैसा कहां जाने वाला है? मनमोहन सिंह की बात याद करो, उन्होंने कहा था कि संसाधन, रेवेन्यू पर पहला अधिकार माइनोरिटी का है। हम कहते हैं कि पहला हक गरीबों, दलितों और आदिवासियों का है।



शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस को मिर्ची लगी है। मोदी जी ने उनके घोषणा पत्र में से सबकी संपत्ति का सर्वे कराने का निर्देश दिया तो प्रधानमंत्री पर सवाल उठा रही है। राहुल गांधी इसे स्पष्ट करें। क्यों करना है इस सर्वे को? अमित शाह ने ये बातें कांकेर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के प्रचार के दौरान कही।

## -: वेदोपदेश :-

ओइम यस्य सूर्यश्चक्षुश्चन्द्रमाश्च पुनर्णव:।
अग्निं यश्चक्र आस्यं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नम:।।

भावार्थ :- यहां सूर्य और चांद को जो वेद भागवान् ने परमात्मा की आंख बताया है, इसका यह अर्थ कभी नहीं कि वह जीव के तुल्य चर्ममय आंखोंवाला है, किन्तु जीव की आंखें जैसे जीव के अधीन हैं ऐसे ही परमात्मा के सूर्य, चन्द्रमा, वायु, अग्नि, दिशा उपदिशा आदि अधीन हैं इस कहने से यह तात्पर्य है। यदि कोई आग्रह से परमेश्वर को साकार मानता हुआ सूर्य चांद उसकी आंखें बनावे तो अमावस की रात्री में न सूर्य है न चांद है, इसलिए उपर्युक्त कथन ही सच्चा है।

# सम्पादकीय

## बेखौफ बंदी

अब बंदियों के पास कई प्रतिबंधित चीजें पहुंच रही हैं! विचित्र है कि प्रशासन ने उस विवाद को सुलझाने का प्रयास नहीं किया। खुद पुलिस महानिरीक्षक ने माना है कि अगर समय रहते इस विवाद को सुलझा लिया गया होता, तो दो कैदियों की मौत नहीं होती। इस घटना के बाद भी फिर वही सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कैदियों को धारदार चीजें कैसे हाथ लग गईंए जिससे उन्होंने दो कैदियों की जान ले लीए जबकि जेलों में ऐसी हर चीज को बंदियों से दूर रखा जाता है, जिनसे वे किसी पर हमला या खुदकुशी कर सकते हों। पंजाब की जेलों में कैदियों के रखरखाव को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। कई लोग तो यहां तक कह चुके हैं कि वहां की कई जेलें अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन चुकी हैं। संगरूर जेल पर भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं। कुछ साल पहले वहां से एक कुख्यात गिरोह के अपराधी के अपने जन्मदिन पर केक काटने और उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर डालने के बाद तो खासा विवाद हुआ था। ऐसे ही मामले बठिंडा, कपूरथला और पटियाला की जेलों से भी दर्ज हुए थे, जब अपराधियों को सोशल मीडिया पर सक्रिय देखा या फोन पर बाहर के लागों से बात करते, किसी साजिश को अंजाम देते पाया गया। दिल्ली की अति सुरक्षित और चाकचौबंद मानी जाने वाली तिहाड़ जेल में भी ऐसी कई घटनाएं हाल के कुछ महीनों में देखी जा चुकी हैं। तिहाड़ में तो कुख्यात आपराधिक गिरोहों के बीच खूनी संघर्ष देखा गया। ऐसी घटनाएं होने की खबरें देश के दूसरे प्रदेशों की जेलों से भी आ जाती हैं। पठानकोट सैन्य अड्डे पर हुए आतंकी हमले के बाद तो सेना ने भी अपनी जांच के बाद चिंता जताई थी कि पंजाब की जेलों में बैठे अपराधी बाहरी लोगों से संपर्क में रहते और मादक पदार्थों की तस्करी आदि में संलिप्त हैं। तब सभी जेलों में औंचक निरीक्षण किया और जेलों के प्रशासन को मुस्तैद रहने को कहा गया था। मगर स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं देखा गया। आरोप लगते रहे हैं कि जेलों के प्रशासन से जुड़े लोग ही अपराधियों को जेलों को एक प्रकार के सुधारगृह के रूप में विकसित करने पर जोर दिया जाता रहा है, ताकि अपराधियों को गलत रास्ते से निकाल कर सही रास्ते पर लाया जा सके। मगर जेलें अगर यातनागृह और दबंग अपराधियों की सुरक्षित शरणस्थली का रूप लेती जा रही हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। जेल प्रशासन और अपराधियों के बीच अगर किसी तरह का गठजोड़ बनता है, तो यह ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है।

## विचारकण

1- प्रेम प्रसन्नता देता है।
2- प्रभु प्रेम अनन्त रस प्रदान करता है।
3- स्वत: सिद्ध तथ्य को प्रमाण की आवश्यकता नही है।
4- प्रभु की स्मृति दुराचार दुगुणों का विनाश करती है।
5- आत्मा को जान कर व्यक्ति महान सामर्थ्यवान हो जाता है।

आचार्य वेदव्रत आर्य

## आज का राशिफल

**मेष** आज शाम तक कारोबार में कोई बड़ी डील हो सकती है। कोई खास डील फाइनल हो जाएगी।

**तुला** आज का दिन शुभ फलकारक है और आपके सभी विवादों का अंत आज हो जाएगा।

**वृषभ** आज का दिन सुख सम्मान से भरा होगा। आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा।

**वृश्चिक** आर्थिक लाभ होगा और आज का दिन काफी मजबूत है। दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**मिथुन** आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आप कोई नया काम जो हाथ में लेंगे उसमें भी आपको सफलता मिलेगी।

**धनु** दिन सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो लाभ होगा।

**कर्क** आज का दिन काफी क्रिएटिव है और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी।

**मकर** आज पार्टनरशिप में काम करने वाले लोगों के लिए लाभ का दिन है। व्यापार में काफी फायदा पहुंचेगा।

**सिंह** पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेंगे जो आपको अच्छे फल मिलने लगेंगे।

**कुंभ** सतर्कता से बिताने का है। आज आपको खाने में लापरवाही करना भारी पड़ सकता है।

**कन्या** हर मामले में सावधानी रखने की जरूरत है। वरना आपकी समस्या और बढ़ सकती है।

**मीन** आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने से बचें तो आपके लिए अच्छा होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक आचार्य वेदव्रत आर्य द्वारा वेदवाणु प्रेस निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ, बदायूं से मुद्रित एवं निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ बदायूं से प्रकाशित।
आर० एन० आई० नं० -43123/84।
डाक पंजीयन सं० G-25/Regd. / BDN-17/06-07/31.12.09
फोन नं०-05832-266581 Website -www. budaunamarprabhat.com,
E-Mail- editoramarprabhat@gmail.com



# राजपूतों को लेकर सियासत

**(मनोज कुमार अग्रवाल-हिफी फीचर)**

चर्चा है कि राजपूत समाज भाजपा से नाराज है खासकर पश्चिमी उत्तर पंदेश में इस नैरेटिव को सेट करने की कोशिश की गई है और इसके लिए कोई रुपाला पंकरण को लेकर भाजपा को निशाने पर ले रहे हैं तो कोई राजपूत दावेदारों के टिकट काटे जाने को लेकर भाजपा से बगावत की बात कर रहे हैं। सच्चाई क्या है? यह तो 4 जून को ही पता चलेगा।

हालांकि पिछले एक-डेढ़ दशक से राजपूत मतदाताओं की भाजपा पहली पसंद बनी है खासकर विश्वनाथ पंताप सिंह चंदंशेखर दिनेश सिंह आदि राजपूत नेताओं के अवसान के बाद पश्चिम यूपी का राजपूत समाज ठाकुर अमर सिंह से जुड़ा लेकिन यह जुडाव ज्यादा दिन नहीं चल सका क्योंकि समाजवादी पार्टी अमर सिंह का इस्तेमाल कर उनका अपमान करने से भी बाज नहीं आई। उधर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह अपनी हिन्दू समाज के पंति पूर्वाग्रह युक्त मानसिकता के चलते राजपूतों में सर्वग्राह्य नही बन सके। इस के विपरीत कल्याण सिंह राजनाथ सिंह योगी आदित्यनाथ जनरल वीके सिंह जैसे नेताओं की कतार राजपूत समाज का यथोचित सम्मान व हिस्सेदारी देकर राजपूतों में लोकपंिय बनी रही लेकिन अठारहवीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव में जनरल वीके सिंह को टिकट नहीं दिया गया। इसी बात को मुद्दा बनाकर सपा समर्थक कुछ नेताओं ने राजपूत समाज को भाजपा का विरोध करने के लिए हर सम्भव कोशिश शुरू कर दी। इसी सिलसिले में पश्चिमी यूपी में सहारनपुर के नानौता हापुड़ के धौलाना में राजपूत स्वाभिमान सम्मेलन आयोजित किए गए इन सम्मेलन में नरेंदं मोदी और भाजपा के खिलाफ जमकर बयानबाजी की गई हालांकि इन सम्मेलन में खास भीड़ नहीं जुट सकी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डेमेज कंट्रोल के लिए भाजपा ने आनन फानन में कदम उठाए और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की सभाएं पश्चिमी यूपी में आयोजित कर राजपूत समाज को साधने का संदेश दिया। अब सवाल यह है कि राजपूत समाज बीजेपी को वोट नहीं करेंगे , तो किसको करेंगे ?दरअसल राजपूत समाज राष्ट्रवादी विचारों से पंभावित रहा है ऐसे में वह भाजपा के साथ अपने जुडाव को इतना आसानी से नहीं खत्म कर सकता है। फिर यह दौर तो सम्पूर्ण परिवर्तन का दौर है जब एक ओर कथित धर्मनिरपेक्षता वादी दल जिन्होंने धर्मनिरपेक्षता की आड़ में पग पग पर मुस्लिम तुष्टिकरण कर देश में विघटन और आतंकवाद नक्सलवाद के हालात पैदा कर दिए। ऐसे में यदि राजपूत समाज राष्ट्रवाद से इतर कोई समझौता करता है तो यह वही मानसिकता हुई जो 1576 में दम्भ और आपसी तकरार के चलते कुछ राजाओं ने दिखाई। बताया जाता है कि राजस्थान के बहुत से पंभावी लोग राणा पंताप (जो देश पेंम के पंतीक थे) के साथ नहीं थे। अकबर की गुलामी उन्हें मंजूर थी। राणा पंताप की सेना में सिसोदिया और गहलौत राजपूतों के अलावा बहुत से आदिवासी और पिछड़े समाज के लोग भी थे। आज राणा पंताप सभी के हीरो हो गए, उनके भी जिनके पुरखों ने हल्दी घाटी में अकबर का साथ दिया। आरोप तो यहां तक है कि राजस्थान के अधिकांश राजा राणा के विरोध में शामिल थे ? 25 साल का योद्धा महाराज संभा जी अहमद शाह अब्दाली से पानीपत की तीसरी लड़ाई इसलिए हार गया क्योंकि उस समय आपसी गिले शिकवे के चलते राजपूतों ने साथ नहीं दिया। इनकार कर दिया। वो नहीं चाहते थे कि उनके बीच से कोई अन्य हिन्दू देश में सर्वोपरि हो जाये। इन दो महान युद्धों में जो हारे वो तो अमर हो गए। ऐसी मान्यता है कि अगर हमारे पूर्वज इन दो युद्धों में राणा के साथ या शम्भाजी के साथ आ गए होते तो इस देश से मुगलों का शासन शायद 1576 में या फिर 1761 में ही खत्म हो गया होता। यह देश राजपूतों के 650 साल के इतिहास पर गर्व करता है। बप्पा रावल, राणा सांगा जैसे सैकड़ो महान राजपूत हमें गौरव का अहसास कराते हैं लेकिन इस इतिहास में आपसी तकरार के चलते मुगलों के समर्थन करने के कई काले धब्बे भी हैं। इनको भी कोई न कोई आपको याद दिलाता रहेगा। वो गुजरात के भाजपा नेता केंदीय मंत्री रूपाला के एक बयान को लेकर राजपूतों को भाजपा के खिलाफ खूब उकसाया जा रहा है। हालांकि रूपाला ने अपने बयान में यही इतिहास उदधृत किया था। रूपाला ने राजपूत समाज को नहीं, केवल राजा महाराजाओं को बोला। फिर राजपूतों में राजा महाराजा एक अलग लोग थे। 99-99 पंतिशत राजपूत उनके लिए पंजा थे। क्या हर राजपूत राजा था? कुछ लोग आज भी राजा हैं, तभी तो उनका अवयस्क 14 साल का बेटा जब गांव में आता है तो 45 से 60 साल के समाज के लोगों से पैर छूआ लेने की हिमाकत करते हैं? यदि उत्तर पंदेश की बात करते हैं आदित्यनाथ योगी राजनाथ सिंह जनरल वीकेसिंह सबको देश हित में बीजेपी ने शीर्ष पदों पर पहुँचाया। आप सोचते होंगे कि ये राजपूत हैं, और इसलिए ये ऊपर पंहुचे तो ये आपकी भूल है।

असल में ये इनकी योग्यता का कमाल है। एक रिपोर्ट के अनुसार जनसँख्या के हिसाब से उत्तर पंदेश का 2024 का इलेक्शन देखते हैं। कुलसीट 80 में हिस्सेदारी 5 सीट की बनती है बीजेपी से जो सीटें मिली अभी तक 10, जो की 12 पंतिशत है। लखनऊ-राजनाथ, सिंह, मुरादाबाद-सर्वेश सिंह, बलिया-नीरज शेखर, मैनपुरी-जयवीर सिंह, डुमरियागंज-जगदंबिका पाल, जौनपुर-कृपाशंकर सिंह, गोंडा-कीर्तिवर्धन सिंह, फैजाबाद-लल्लू सिंह, हमीरपुर-पुष्पेंदं सिंह चंदेल, अकबरपुर-देवेंदं सिंह भोले आदि सीटें मिली है। सवाल है कि राजपूत बीजेपी को क्यों हराएंगे। मौजूदा आकलन बता रहा है कि 80 फीसद राजपूत बीजेपी के साथ था और आज भी है बाकि 10 फीसद कांग्रेस के टूल किट का हिस्सा हैं। 10 फीसद अभी अनिश्चितता की स्थिति में है। कोई रूपाला से नाराज होकर राजपूतों को भगवान राम की कसमें दिला रहा है कि बीजेपी को वोट नहीं देना। कुछ नहीं होना। आज कांग्रेस इस बात की लड़ाई लड़ रही है कि बीजेपी को 400 नहीं लेने देंगे। इनको 10, 15 सीट कम पर रोक देंगे, जिससे बीजेपी संविधान में बदलाव न ला पाए। सरकार बनाने की तो कोई लड़ाई ही नहीं है। पंश्न तो केवल एक है कि राजपूत आखिर क्या चाहते हैं कि बीजेपी 400 सीट लेकर संविधान में वो बदलाव लाये जो नेहरू और राजीव ने हिन्दुओं के खिलाफ लागू किया। दरअसल राजपूत सदैव राष्ट्रवाद का पोषक रहा है। इन हालातों में हालाकि मनमुटाव बढ़ाने की कोशिश की गई है और इसके पीछे विपक्ष की बड़ी साजिश है लेकिन राजपूत समाज अपनी जगह अटल है और भाजपा से उसका मोह भंग नहीं हुआ है और यदि इस साजिश से राजपूत समाज पंभावित होता है तो वह राष्ट्रवादी राजनीति का बहुत बड़ा नुकसान आहूत कर रहा है। **(हिफी)**

# ममता बनर्जी को चुनाव के समय झटका

**(पं. आर.एस. द्विवेदी-हिफी फीचर)**

विपक्षी नेताओं में भाजपा से मुकाबला करने का जोश तो बहुत पहले ठण्डा हो चुका था जब इंडिया गठबंधन के घटक दल अलग हो गये थे। विशेष रूप से नीतीश कुमार अपनी पार्टी जद(यू) के साथ अलग हो गये और भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली। इसी तरह पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी अकेले पड़ गयी थीं क्योंकि कांग्रेस ने वामपंथी दलों के साथ समझौता किया। इतना ही नहीं कांग्रेस और माकपा के नेता ममता सरकार के हर कदम का विरोध करते थे। इसलिए ममता बनर्जी ने अकेले दम पर आम चुनाव 2024 में भाजपा से मुकाबले की तैयारी की और वह मुकाबले में दिख भी रही थीं लेकिन कलकत्ता हाईकोर्ट के एक फैसले ने चुनाव के दरम्यान ममता बनर्जी को जोर का झटका दिया है। भाजपा ममता बनर्जी की सरकार को भी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरना चाहती थी क्योंकि आम आदमी पार्टी के नेता अरविन्द केजरीवाल, झारखंड मुक्ति मोर्चे के नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव जैसे नेताओं पर भाजपा भ्रष्टाचारी होने का खुलकर आरोप लगा ही रही थी। अब कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती परीक्षा-2016 को रद्द घोषित कर दिया है। भाजपा इस घोटाले को चुनाव का मुद्दा पहले से ही बनाए हुए थी। शिक्षक भर्ती घोटाले में ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 230 करोड़ रुपये की प्रापर्टी जब्त कर रखी है। कई जगह छापेमारी भी की गयी है। ध्यान रहे कि 2016 में 24640 रिक्त पदों पर 23 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने एसएलएसटी परीक्षा दी थी। भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता के आरोप



लगे थे। राज्य में लोकसभा चुनाव 7 चरणों में कराए जा रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को कलकत्ता हाईकोर्ट की तरफ से बड़ा झटका लगा है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 2016 की शिक्षक भर्ती को रद्द कर दिया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा सहायता पंप्त विद्यालयों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की चयन पंक्रिया को अमान्य घोषित कर दिया और इसके जरिए हुई सभी नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बार राशिदी की खंडपीठ ने केंदीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नियुक्ति पंक्रिया के संबंध में और जांच करने तथा तीन महीनों में एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। पीठ ने पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग को नयी नियुक्ति पंक्रिया शुरू करने का निर्देश भी दिया।

2016 की भर्ती पंक्रिया के माध्यम से पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा पंायोजित और सहायता पंप्त माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में उम्मीदवारों के चयन में कथित अनियमितताओं से संबंधित याचिकाओं और अपीलों पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट के आदेश पर मामले की जांच करने वाली केंदीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित घोटाले के मामले में राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) में पदों पर रहे कुछ पदाधिकारियों को गिरफ्तार भी किया था। पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में 6 अलग-अलग जगहों पर पंवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी की गयी। पंसन्ना कुमार रॉय की गिरफ्तारी के बाद इस छापेमारी को बेहद अहम माना जा रहा है। पंसन्ना पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी का करीबी हैं। पिछले दिनों इस घोटाले से जुड़े व्यापारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट और अन्य लोगों के आवासों और कार्यालयों की तलाशी ली गई थी। इस घोटाले में कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के बाद ईडी और सीबीआई दोनों कथित अनियमितताओं की जांच कर रही हैं। पंवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में कोलकाता और उसके आस-पास के इलाकों में कई स्थानों पर छापे मारे। शहर के उत्तरी हिस्से में नागेरबाजार इलाके में एक लेखाकार के आवास पर छापेमारी की गई। पंवर्तन निदेशालय ने घोटाले में कथित तौर पर शामिल कुछ व्यवसायियों, शिक्षकों और बिचौलियों के राजारहाट इलाके में स्थित आवासों पर भी छापे मारे। पंवर्तन निदेशालय करोड़ों रुपए के इस घोटाले में धन के लेन-देन के संबंध में जांच कर रहा है। छापेमारी इसी जांच के तहत की गई है।

पश्चिमी बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में पंवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 230-6 करोड़ रुपये की पीपर्टी भी अटैच की है। पंवर्तन निदेशालय ने 230-6 करोड़ रुपये कीमत की जमीन और फ्लैट को जब्त किया है। जब्त की गई पीपर्टी आरोपी पंसन्ना कुमार रॉय, शांति पंसाद सिन्हा और कुछ अन्य कंपनियों के नाम पर थी। पंसन्ना रॉय के नाम पर 96 कट्ठा पथरघाटा, 117 कट्ठा सुल्तानपुर, 282 कट्ठा महेशतला और 136 कट्ठा न्यू टाउन में मौजूद है, जिन्हें म्ब ने जब्त किया है। वहीं शांति पंसाद सिन्हा की कपशती इलाके में स्थित जमीन और पूरब जादाबपुर में स्थित फ्लैट जब्त किया गया है। ईडी ने नौंवी से लेकर बाहरवीं क्लास के शिक्षकों की भर्ती में हुए घोटाले को लेकर पहले से दर्ज 2 अलग-अलग मामलों के तहत तफ्तीश शुरू की थी। सीबीआई की जांच में पता चला था कि 2081 शिक्षकों की भर्ती तमाम अनियमितताओं को नजरअंदाज करते हुए की गई थी।

ईडी इस घोटाले में पहले ही पंसन्ना रॉय और शांति पंसाद को गिरफ्तार कर चुकी है। पंसन्ना रॉय ने इस घोटाले में बिचौलिए की भूमिका अदा की थी, मतलब उसका काम था भर्ती के नाम पर कैंडिडेट्स से उनकी डिटेल और पैसा इकट्ठा करना। वहीं शांति पंसाद सिन्हा वेस्ट बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन में तत्कालीन एडवाइजर थे। इससे पहले शिक्षक घोटाले में म्ब ने 135 करोड़ रुपये कीमत की अटेचमेंट की है, अब कुल मिलाकर 365-60 करोड़ रुपये की अटेचमेंट हो चुकी है।

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कोलकाता हाईकोर्ट से यह बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने 2016 में राज्य के स्कूलों में हुए करीब 25 हजार से ज्यादा टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ की भर्तियों को रद्द करने का फैसला सोमवार (22 अप्रैल) को सुनाया है। 2016 में स्टेट लेवल टेस्ट के जरिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की भर्ती हुई थी जिसे अब अदालत ने रद्द कर दिया है। अदालत ने भर्ती पंक्रिया में हुए अनियमितताओं के कारण यह बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी भी हुई थी। अदालत ने मामले पर फैसला सुनाते हुए राज्य के 25 हजार से ज्यादा भर्तियां रद्द कर दी है। इसके अलावा अदालत ने ममता सरकार को 6 हफ्ते के भीतर सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की सैलरी लौटाने का आदेश दिया है। बता दें कि इन शिक्षकों की भर्ती के लिए 5 से 15 लाख रुपये घूस लेने का आरोप लगा था। बंगाल में साल 2016 में माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की भर्ती हुई थी। स्टेट लेवल टेस्ट के जरिए हुए इन भर्तियों में अनियमितता के कई आरोप लगें। परीक्षार्थियों ने परीक्षा में फेल होने और कम अंक मिलने वाले कैंडिडेट्स को भी नौकरी मिलने की शिकायत की थी। **(हिफी)**

आपके सुझाव हमें और उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देते हैं, तभी हमें आपके सुझावों का इंतजार रहता है। सुझाव के साथ आप समाचार पत्र में और क्या बदलाव चाहते हैं, साथ ही आपको हमसे किसी तरह की शिकायत भी हो, तो तत्काल पत्र द्वारा सूचित करें। आपके आसपास कोई समस्या हो और कोई सुनने-देखने वाला न हो, उसे भी तत्काल लिख भेजें। हम उसे प्रमुखता से यहां
कार्यालय 'बदायूँ अमर प्रभात'
निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ, बदायूं

वैचारिक क्रान्ति के लिए सत्यार्थ प्रकाश पढ़ें।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5348

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 5347

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

## वर्ग पहेली 5348

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | | |
| ■ | 9 | | | ■ | 10 | | |
| ■ | 11 | | ■ | 12 | ■ | ■ | |
| 13 | | ■ | 14 | | | 15 | ■ |
| 16 | | | | | ■ | 17 | 18 |
| 19 | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | ■ | ■ | 22 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1 जून 1975 को भारत की महिला भारोत्तलक का जन्मदिवस है ये 2000 के सिडनी ओलम्पिक खेलों में कांस्य पक जीतने वाली प्रथम महिला खिलाड़ी है (7)
6. जल नित्तल, हथेली कवच (2)
7. प्रेमी, साजन, बलमा (3)
9. यह भारत देश की प्रचलित मुद्रा है (3)
10. जो रिश्तें पति की बहन हो (3)
11. खत, कागज, चिट्ठी (2)
13. लेखा पुस्तक, रजिस्टर (2)
14. रामचरितमानस का एक भाग जिसमें श्रीराम के बाल्य काल का विवरण है (4)
16. राजा जनक के नामों में एक (5)
17. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
19. रिश्ता, संबंध (2)
20. ऐसी गोरी स्त्री जिसमें बल और आंखे स्याह हो (2)
21. ग्रीष्म ऋतु की तप्त हवा (1)
22. सैनिक, मिलिस्ट्रीमेन (2)

**ऊपर से नीचे**
1. कुंतीपुत्र जो कन्याकाल में सूर्य के अंश से उत्पन्न हुआ था, इसी से इसे कानीन कहते है, कान शरीर का एक संवेदी अंग (2)
2. इसे अंग्रेजी में बैलेट पेपर कहते है (4)
3. यह मलेशिया देश का पुराना नाम है (3)
4. सांस लेने व छोड़ने की एक जैविक क्रिया (3)
5. कारण (अंग्रेजी)(3)
8. गंभीर ध्वनि करना, बजाना (3)
9. अनाकर्षकता, आकर्षणहीनता, असौम्यता, असुंदरता (5)
12. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
13. ध्वनि या नाद उत्पन्न होना (3)
14. वरदल, जनैत, वरपक्ष, वरयात्री (3)
15. यह धौलाधार पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य स्थित एक पर्यटक स्थ है यह स्थल हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले का हिस्सा है (4)
18. नक्षत्र, सितारा, सुषेण की कन तथा बाली की पत्नी का नाम (2)

## वर्ग पहेली 5347 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नू | र | ज | हां | ■ | सा | के | त |
| त | ह | ल | का | ■ | हि | सा | ल |
| न | म | न | ■ | सु | र | ■ | ब |
| ■ | दि | ■ | स | त | लु | ज | ■ |
| गो | ल | मा | ल | ■ | धि | ■ | बां |
| पी | ■ | मा | फ | ■ | या | ज | क |
| ना | ज | ■ | ■ | ■ | न | मी | ■ |
| थ | ल | च | र | ■ | वी | र | ता |

# आईपीएम में साधारण प्रदर्शन के चलते हार्दिक पंड्या और केएल राहुल को वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलना मुश्किल...

**नईदिल्ली, एएजेंसी।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 का क्रिकेट फैन्स को बेसब्री से इंतजार है. आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाना है. इस मेगा इवेंट के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है. इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है. यानी भारतीय टीम का भी जल्द ऐलान होने वाला है. टीम चुनने के लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की बैठकर इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रैल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है.

टीम मीटिंग के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भी तवज्जो दिए जाने की संभावना है. टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने भी ये जोर देकर कहा था कि आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर ही वर्ल्ड कप टीम चुनी जाएगी. द्रविड़ ने माना था कि भारतीय खिलाड़ियों को आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए तैयारियों का मौका नहीं मिल पाया है. ऐसे में आईपीएल का रोल काफी अहम होगा.

## हार्दिक और राहुल की स्ट्राइक-रेट पर उठे सवाल!

टी20 वर्ल्ड कप के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल भी चयन की रेस में हैं. हालांकि इन दोनों खिलाड़ियों ने मौजूदा आईपीएल सीजन में जिस तरह का प्रदर्शन किया है वो उतना संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है. हार्दिक-राहुल ने आईपीएल 2024 में अपेक्षाकृत स्लो बैटिंग की है, ऐसे में दोनों का वर्ल्ड कप टीम से पत्ता कट भी सकता है. हार्दिक पंड्या मौजूदा आईपीएल सीजन में अब तक 7 पारियों में 146.87 की स्ट्राइक-रेट से 141 रन ही बना सके हैं. हार्दिक पंड्या बैटिंग में तो फ्लॉप रहे ही हैं, गेंद से भी उनका प्रदर्शन खराब रहा है. हार्दिक ने मौजूदा आईपीएल में 11 की खराब इकोनॉमी रेट से 4 विकेट लिए हैं. जबकि केएल राहुल ने सात मैचों में 143 की स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं.



## अभिषेक-शशांक-कार्तिक कर रहे तूफानी बैटिंग

जहां राहुल और हार्दिक जैसे धुरंधर तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. वहीं अभिषेक शर्मा, अभिषेक पोरेल, शशांक सिंह जैसे खिलाड़ी धुआंधार बैटिंग कर रहे हैं. अभिषेक शर्मा ने तो 215.96 की स्ट्राइकट-रेट से इस सीजन में रन बनाए हैं. शुरुआती सात मैचों में शशांक की भी स्ट्राइक-रेट लगभग 180 रही. वहीं, अभिषेक पोरेल ने 162.63 की स्ट्राइक रेट से स्कोर किए हैं. 38 साल के दिनेश कार्तिक ने भी तूफानी बैटिंग करके दावदारी पेश की है. कार्तिक की स्ट्राइक रेट लगभग 196 रही है.

## टी20 वर्ल्ड कप शेड्यूल

- शनिवार, 1 जून– यूएसए बनाम कनाडा, डलास
- रविवार, 2 जून– वेस्टइंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी, गुयाना
- रविवार, 2 जून– नामीबिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- सोमवार, 3 जून– श्रीलंका बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- सोमवार, 3 जून– अफगानिस्तान बनाम युगांडा, गुयाना
- मंगलवार, 4 जून– इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- मंगलवार, 4 जून– नीदरलैंड्स बनाम नेपाल, डलास
- बुधवार, 5 जून– भारत बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 5 जून– पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा, गुयाना
- बुधवार, 5 जून– ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- गुरुवार, 6 जून– यूएसए बनाम पाकिस्तान, डलास
- गुरुवार, 6 जून– नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- शुक्रवार, 7 जून– कनाडा बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- शुक्रवार, 7 जून– न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान, गुयाना
- शुक्रवार, 7 जून– श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, डलास
- शनिवार, 8 जून– नीदरलैंड्स बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- शनिवार, 8 जून– ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, बारबाडोस
- शनिवार, 8 जून– वेस्टइंडीज बनाम युगांडा, गुयाना
- रविवार, 9 जून– भारत बनाम पाकिस्तान, न्यूयॉर्क
- रविवार, 9 जून– ओमान बनाम स्कॉटलैंड, एंटीगा
- सोमवार, 10 जून– साउथ अफ्रीका बनाम बांग्लादेश, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून– पाकिस्तान बनाम कनाडा, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून– श्रीलंका बनाम नेपाल, फ्लोरिडा
- मंगलवार, 11 जून– ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, एंटीगा
- बुधवार, 12 जून– यूएसए बनाम भारत, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 12 जून– वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद
- गुरुवार, 13 जून– इंग्लैंड बनाम ओमान, एंटीगा
- गुरुवार, 13 जून– बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड्स, सेंट विंसेंट
- गुरुवार, 13 जून– अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी, त्रिनिदाद
- शुक्रवार, 14 जून– यूएसए बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- शुक्रवार, 14 जून– साउथ अफ्रीका बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- शुक्रवार, 14 जून– न्यूजीलैंड बनाम युगांडा, त्रिनिदाद
- शनिवार, 15 जून– भारत बनाम कनाडा, फ्लोरिडा
- शनिवार, 15 जून– नामीबिया बनाम इंग्लैंड, एंटीगा
- शनिवार, 15 जून– ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड, सेंट लूसिया
- रविवार, 16 जून– पाकिस्तान बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- रविवार, 16 जून– बांग्लादेश बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- रविवार, 16 जून– श्रीलंका बनाम नीदरलैंड्स, सेंट लूसिया
- सोमवार, 17 जून– न्यूजीलैंड बनाम पा. न्यू. गिनी, त्रिनिदाद
- सोमवार, 17 जून– वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, सेंट लूसिया
- बुधवार, 19 जून– ए2 बनाम डी1, एंटीगा
- बुधवार, 19 जून– बी1 बनाम सी2, सेंट लूसिया
- गुरुवार, 20 जून– सी1 बनाम ए1, बारबाडोस
- गुरुवार, 20 जून– बी2 बनाम डी2, एंटीगा
- शुक्रवार, 21 जून– बी1 बनाम डी1, सेंट लूसिया
- शुक्रवार, 21 जून– ए2 बनाम सी2, बारबाडोस
- शनिवार, 22 जून– ए1 बनाम डी2, एंटीगा
- शनिवार, 22 जून– सी1 बनाम बी2, सेंट विंसेंट
- रविवार, 23 जून– ए2 बनाम बी1, बारबाडोस
- रविवार, 23 जून– सी2 बनाम डी1, एंटीगा
- सोमवार, 24 जून– बी2 बनाम ए1, सेंट लूसिया
- सोमवार, 24 जून– सी1 बनाम डी2, सेंट विंसेंट
- बुधवार, 26 जून– सेमी 1, गुयाना
- गुरुवार, 27 जून– सेमी 2, त्रिनिदाद
- शनिवार, 29 जून– फाइनल, बारबाडोस

# भारत के ग्रैंडमास्टर हैं गुकेश, कार्लसन को भी हरा चुके

## • विश्व खिताब से बस कुछ कदम दूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई के 17 वर्षीय डी गुकेश ने प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लिया था। हालांकि, अब कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में हिकारू नाकामुरा के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद वह इस टूर्नामेंट के सबसे कम उम्र के विजेता बन गए हैं। इतना ही नहीं, वह विश्व



शतरंज चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी भी बन गए हैं। वह कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए और विश्वनाथन आनंद के बाद यह टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। नाकामुरा के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद उनका टूर्नामेंट जीतना तय नहीं था। सबकुछ बियो कारुआना और इयान नेपोमनियाच्ची के बीच चल रहे अन्य मैच पर टिका था। इन दोनों में से जीतने वाला खिलाड़ी गुकेश के साथ टाई ब्रेकर खेलता। हालांकि, भाग्य गुकेश पर महरबान था, क्योंकि कारुआना और नेपोमनियाच्ची ने ड्रॉ खेला और गुकेश सबसे ज्यादा नौ अंक लेकर शीर्ष पर आ गए और टूर्नामेंट अपने नाम किया।

दुनिया को कई बार चौंका चुके गुकेश

शतरंज की दुनिया की नई सनसनी 17 वर्षीय गुकेश ने अपने करियर में कई बार दुनिया को चौंकाया है। वह इस छोटी सी उम्र में कई रिकॉर्ड बना चुके हैं। वह 12 साल, सात महीने, 17 दिन की उम्र में भारत के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बन गए थे और दुनिया के सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर का टैग केवल 17 दिनों से चूक गए थे। उन्होंने पिछले साल पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को पछाड़कर 36 साल बाद पहली बार देश के शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी के रूप में प्रवेश किया।

# लो स्कोरिंग मैच में गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

**मुल्लांपुर (पंजाब), एजेंसी।** साई किशोर के चार विकेट के बाद राहुल तेवतिया के 18 गेंद पर नाबाद 36 रनों की तेज पारी के दम पर आईपीएल के 37वें मैच में यहां पीसीए स्टेडियम में रविवार को गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। धीमी पिच पर पंजाब के 142 रन के जवाब में गुजरात के बल्लेबाजों ने शुरुआत में संभलकर खेला। पूरे रन चेज में सिर्फ दो छक्के लगे। ऊपरी क्रम में ओपनर शुभमन गिल (35) तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज साई सुदर्शन (31) ने टीम के लिए आधार तैयार किया। हालांकि 9.2 ओवर में एक विकेट पर 66 रन के बाद अगले छह ओवर में मात्र 37 रन बनाने में उसने चार विकेट गंवा दिये, लेकिन राहुल तेवतिया एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके जड़े। हर्षल पटेल (तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट) ने 19वें ओवर में शाहरुख खान और राशिद खान को आउट कर मेहमान टीम को दो झटके जरूर दिये, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर अर्शदीप सिंह को चौका लगाकर तेवतिया ने टीम को जीत दिला दी ।पंजाब की ओर से लियाम लिविंगस्टोन के खाते में दो और अर्शदीप तथा सैम करन के खाते में एक-एक विकेट आये।

# व्यापार

## औंधे मुंह गिरे सोने-चांदी के भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार बढ़ रही सोने-चांदी की कीमतों में आज ब्रेक लगा है। सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत नरम रही। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 72,150 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 82,350 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी सुस्त रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज यानी सोमवार को 5 जून 2024 की डिलीवरी वाला सोना 656 रुपए की गिरावट के साथ 72,150 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। सोने में आज सुबह से गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं 5 अगस्त 2024 की डिलीवरी वाला सोना 668 रुपए सस्ता होकर 72,093 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा है।

## मॉरीशस से कर संधि में बदलाव के बीच ईपीआई ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ से अधिक निकाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपए से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए गए निवेश की अधिक पड़ताल करेगा। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे पहले मार्च में 35,098 करोड़ रुपए और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपए का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा।

## बढ़ सकती हैं तेल और एलएनजी की कीमतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इजराइल संघर्ष पर विश्लेषकों ने कहा कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष पिछले कुछ दिनों में बढ़ गया है। ईरान ने पहले इजराइल पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए। इसके बाद इजराइल ने मिसाइल दागकर जवाबी कार्रवाई की।



संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि हालांकि तनाव कम करने के प्रयासों से संकट पर नियंत्रण होने की संभावना है लेकिन अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो तेल और एलएनजी की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच लगभग 40 किलोमीटर चौड़ी एक समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब (63 लाख बैरल प्रति दिन), यूएई, कुवैत, कतर, इराक (33 लाख बैरल प्रति दिन) और ईरान (13 लाख बैरल प्रति दिन) कच्चे तेल का निर्यात करते हैं। वैश्विक एलएनजी व्यापार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसके जरिए जाता है। इसमें कतर और यूएई से लगभग सभी एलएनजी निर्यात शामिल हैं। मोतीलाल ओसवाल ने अपनी टिप्पणी में कहा कि इस तरलीकृत प्राकृतिक गैस (स्ह्त) के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है। भारत सऊदी अरब, इराक और यूएई से तेल के साथ ही एलएनजी का आयात इसी मार्ग से करता है।

## हांगकांग ने भारतीय मसालों की बिक्री पर लगाई रोक, उत्पादों में कीटनाशक मिलने का दावा

**हांगकांग एजेंसी।** हांगकांग की सरकार ने भारत के मशहूर मसाला ब्रांड्स एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। हांगकांग की सरकार का दावा है कि जांच में इन मसालों में कीटनाशक पाया गया है, जो सेहत के लिए खतरनाक है। हांगकांग सरकार ने मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। इससे पहले सिंगापुर की सरकार ने भी भारतीय मसाला ब्रांड्स पर रोक लगा दी थी।

हांगकांग के सेंटर फॉर फूड सेफ्टी विभाग ने बताया है कि कई मसाला उत्पादों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड मिला पाया गया है। हांगकांग की सरकार ने लोगों से इन उत्पादों का सेवन नहीं







करने की अपील की है और साथ ही इन उत्पादों की बिक्री पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया। जिन मसालों पर रोक लगाई गई है, उनमें एमडीएच का उत्पाद मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला मिक्स मसाला पाउडर और करी पाउडर मिक्स मसाला और एवरेस्ट का उत्पाद फिश करी मसाला शामिल है। हांगकांग की सरकार ने इन उत्पादों के आयात पर रोक लगाने और तुरंत उन्हें दुकानों में बिक्री की जगह से हटाने के निर्देश के साथ ही पहले से मौजूद उत्पादों को वापस भेजने का निर्देश दिया था। हांगकांग सरकार के अधिकारियों ने रुटीन फूड सर्विलांस के दौरान तीन रिटेल दुकानों से इन मसालों के सैंपल लिए थे। इन सैंपल्स की जांच में ही इनमें कीटनाशक एथीलीन ऑक्साइड के होने का दावा किया गया। कैंसर पर रिसर्च करने वाली एक अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने बताया कि एथीलीन ऑक्साइड इंसानों में कैंसर का कारण बन सकता है। हांगकांग की सरकार ने बताया है कि उनके निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 50 हजार डॉलर का जुर्माना और छह महीने की जेल की सजा हो सकती है। हाल ही में सिंगापुर की फूड एजेंसी ने भी एवरेस्ट के फिश करी मसाला में कीटनाशक होने का दावा करते हुए इस पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## एचआरए क्लेम के लिए आपके पैन का हुआ दुरुपयोग तो सतर्क हो जाइए, टैक्स डिपार्टमेंट की प्लानिंग दे सकती है टेंशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आपके पैन कार्ड का किसी और ने मकान किराया भत्ता का फायदा उठाने के लिए किया है तो इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है। ये चिंता तब तक है, जब तक गलत पैन देने वाला शख्स अपना इनकम टैक्स रिटर्न अपडेट न करा ले। लेकिन टैक्स विभाग में अधिकारी आपकी बात सुनेंगे। हालांकि जानकारों के मुताबिक, अगर आपके साथ धोखा हुआ है तो आपको ये साबित करना होगा कि आपके पैन का गलत इस्तेमाल हुआ है। पिछले महीने, टाइम्स ऑफ इंडिया ने सबसे पहले बताया था कि इनकम टैक्स विभाग को करीब 8,000 से 10,000 मामले गलत पेन इस्तेमाल करने के मिले हैं। हालांकि, विभाग ने ये साफ किया है कि वो पुराने मामलों को दोबारा नहीं खोलेगा। अगर टैक्स विभाग को आपका शक होता है, तो वो आपको नोटिस भेज सकता है या किराए के बारे में पूछताछ कर सकता है। लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। विभाग जानता है कि पेन का गलत




इस्तेमाल होता है। आपको सिर्फ जवाब देने में सहयोग करना चाहिए। आपको कुछ दस्तावेज़ दिखाने पड़ सकते हैं, जैसे बैंक स्टेटमेंट (किराया नहीं मिला) और हलफनामा (आप मकान मालिक नहीं)। आयकर विभाग ने कहा कि उसने इस बात पर जोर दिया कि ई-सत्यापन केवल वित्त वर्ष 2020-21 के लिए सूचना के बेमेल मामलों को सचेत करने के लिए किया गया था, ताकि अन्य मामलों को प्रभावित न किया जा सके।

### समय पर दें जवाब

विभाग ने इस मुद्दे या अपने रिटर्न संशोधित करने वाले करदाताओं की संख्या पर कोई टिप्पणी नहीं की। मेनस्टे टैक्स एडवाइजर्स के पार्टनर कुलदीप कुमार ने कहा, ÷हालांकि विभाग ने स्पष्ट किया है कि कोई विशेष अभियान नहीं है, लेकिन जिनके पैन का दुरुपयोग किया गया है, उन्हें अभी भी नोटिस या उनके किराये की आय के बारे में पूछताछ मिल सकती है, अगर ऐसे मकान मालिक कर अधिकारियों द्वारा एकत्र किए गए नमूने में दिखाई देते हैं। लेकिन उन्हें चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि विभाग पैन के दुरुपयोग के मुद्दे से अवगत है, न कि मकान मालिकों के हाथों में जाने वाली किराये की आय की गहराई से जांच कर रहा है। हालांकि, करदाताओं को सहयोग करना चाहिए और असुविधा से बचने के लिए ऐसे नोटिस का उचित और समय पर जवाब देना चाहिए।÷

### देने पड़ सकते हैं दस्तावेज

जिस व्यक्ति के पैन का दुरुपयोग किया गया है, उसे कुछ अतिरिक्त दस्तावेज देने पड़ सकते हैं। लक्ष्मीकुमारन और श्रीधरन के पार्टनर एस श्रीराम ने कहा, जिन व्यक्तियों के पैन का दुरुपयोग एचआरए प्राप्त करने वाले व्यक्तियों द्वारा किया गया है, भले ही एचआरए प्राप्तकर्ता द्वारा पैन के गलत विवरण के आधार पर मूल्यांकन फिर से खोला गया हो, पैन धारक यह स्थापित कर सकता है कि उसे किराया नहीं मिल रहा है।

## प्रॉफिट में कंपनी, शेयर खरीदने की लूट, 385 पर आया भाव, मुकेश अंबानी की है कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शेयर आज सोमवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 4 फीसदी चढ़ गए और 385 रुपये के नए हाई पर पहुंच गए। यह इसका 52 वीक का नया हाई प्राइस भी है। शेयरों में इस तेजी के पीछे मार्च तिमाही के नतीजे है। दरअसल, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का नेट प्रॉफिट मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में 6 प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से अलग हुई इस वित्तीय सेवा कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 294 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। कंपनी की आय 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में मामूली बढ़कर 418 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 414 करोड़ रुपये थी। तीसरी तिमाही में इसका खर्च भी 99 करोड़ रुपये के मुकाबले मामूली बढ़कर 103 करोड़ रुपये हो गया। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी का एकीकृत शुद्ध मुनाफा वित्त वर्ष 2023-24 में कई गुना बढ़कर 1,605 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्तवर्ष में 31 करोड़ रुपये था। बता दें कि हाल ही में रिलायंस समूह की कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने संपत्ति प्रबंधन एवं ब्रोकिंग व्यवसाय स्थापित करने के लिए ब्लैकरॉक के साथ 50:50 साझेदारी वाले एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की थी। जियो फाइनेंशियल ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा था कि एक धन प्रबंधन कंपनी के निगमन और देश में एक ब्रोकरेज फर्म के गठन के उद्देश्य से कंपनी और ब्लैकरॉक के बीच 50:50 साझेदारी का संयुक्त उद्यम बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

# गोली मारकर युवक की हत्या, युवती समेत चार हिरासत में

**प्रेम प्रसंग के चलते हुई घटना का पुलिस जल्द करेगी खुलासा**

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** बिथरी इलाके में प्रेम प्रसंग में गौ रक्षा सेवा दल के कार्यकर्ता की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। बिथरी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया। सीओ और इंस्पेक्टर थाने पर एक युवती और उसके तीन दोस्तों से पूछताछ कर रहे हैं। उन्हें हिरासत में लिया गया है। देर शाम तक पुलिस हत्या का पर्दाफाश करने की तैयारी में है।

बताते चलें कि बरेली के बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के महेशपुरा गांव निवासी अमन पटेल ;25 सालद्ध पुत्र राजेंद्र सिंह गौ सेवा रक्षा दल में थे। इसके अलावा खनन करने वाले एक ठेकेदार के साथ भी काम करते थे। रविवार रात को अमन पटेल अपने दोस्त सचिन पटेलए विक्रांत पटेल गांव के रहने वाले एक दिव्यांग दोस्त के साथ गए थे। उन्होंने बरेली में एक दुकान खुलवाकर कपड़े खरीदे। अमन का एक युवती के साथ प्रेम प्रसंग था। विक्रांत और अमन की इसको लेकर पहले भी कहासुनी हो चुकी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दोस्तों ने ही अमन की हत्या की है। हत्या में कौन कौन दोस्त शामिल हैं। इसको लेकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

मोबाइल में मिली व्हाटसएप चैट युवती से पूछताछ में खुले राज दोस्तों ने अमन पटेल के साथ मारपीट और हत्या कर शव को हाईवे किनारे नवदिया हरकिशन गांव मार्ग पर फेंक दिया। उसके चेहरे पर खून और सिर में चोट के घाव भी मिले हैं। पुलिस मान रही है कि युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस ने मोबाइल की कॉल डिटेल के आधार पर हत्या करने वाले तीन दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। 22 साल की एक युवती को भी थाने लाया गया। उससे पूछताछ की जा रही है। अमन के मोबाइल फोन में युवती को लेकर बातचीत की रिकार्डिंग वॉट्सऐप चैट भी पुलिस को मिली है। इसके अलावा एक दोस्त की भी युवती से बातचीत होती थी। इसी वजह से दोस्तों ने मिलकर अमन पटेल की हत्या कर दी।

# बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में गिरती जा रही है छात्रों की उपस्थिति

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** मौसम के बदलते मिजाज और चढ़ते हुए पारे के चलते इन दिनों बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में छात्र संख्या दिन प्रतिदिन गिरती चली जा रही है। यह नजारा किसी एक विद्यालय का नहीं, बल्कि जनपद के अधिकांश परिषदीय विद्यालयों में देखा जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ गांव देहात में हो रही गेहूं की कटाई ने भी बच्चों को स्कूल जाने से रोक रखा है क्योंकि गांव देहात में लोगों के पास गेहूं कटाई करने के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं जिस कारण पूरा का पूरा परिवार अपने बच्चों के साथ गेहूं की कटाई में लगा हुआ है, क्योंकि साल भर की मेहनत का फल खेतों में खड़ा हुआ है अगर उसे समय रहते नहीं काटा गया तो मौसम की कब उसे पर मार पड़ जाए कोई नहीं कह सकता इसलिए अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों के साथ अपने खेतों का रुख करते हुए दिखाई दे रहे है।

जिस कारण परिषदीय विद्यालयों की कक्षाएं लगभग खाली सी हो गई है। ऐसा नहीं है कि विद्यालय का स्टाफ बच्चों को विद्यालय लाने का प्रयास नहीं कर रहा होए लेकिन अभिभावक अध्यापकों से कुछ दिन की मोहलत मांग रहे हैं ताकि उनके खेतों में खड़े हुए गेहूं की कटाई कर वह उसे अपने घर ला सकें।

वहीं शहरी क्षेत्र में गर्मी के बढ़ते हुए प्रकोप को देखते हुए अभिभावक अपने नन्हे मुन्ने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं क्योंकि परिषदीय विद्यालयों का समय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक का है। जबकि इंटर कॉलेज का समय 12.30 बजे तक का है। अभिभावकों का कहना है कि छोटे बच्चों के लिए अधिक समय और बड़े बच्चों के लिए कम समय रखना बेसिक शिक्षा विभाग की संवेदनहीनता को दर्शाता है। हालांकि इस मांग को जिले के तमाम शिक्षक संगठन अपने अपने तरीके से जिले से लेकर शासन तक उठा चुके हैं लेकिन न तो उनकी मांग पर जिला प्रशासन कुछ सोंच रहा है और न ही बेसिक शिक्षा विभाग।

गेहू की कटाई के कारण बच्चे थोड़ा देर से स्कूल आ रहे है।गर्मी का प्रकोप इतना है कि बच्चे गर्मी में निहाल हो जाते है, क्योकि लाइट आने जाने का कोई समय निश्चित नहीं है, जिसके चलते बच्चों को गर्मी का सामना करना पड़ता है।

**– शशि बाला जौहरी, प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय, बहजुईया जागीर, क्यारा, बरेली।**

गर्मी, गेंहू कटान तथा शादियों का मौसम बनाएबेसिक विद्यालयों के शिक्षकों का सिरदर्द, बच्चे ढूंढे नही मिल रहें।

**– कल्पना पांडेय, प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय, गौतारा, क्यारा, बरेली।**

# रिटायर्ड फौजी बना धोखाधड़ी का शिकार

**आरोपी ने ठग लिए 4 लाख 60 हजार रुपए**

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** एक रिटायर्ड फौजी को एक युवक ने दो दुकान की पगड़ी के नाम पर पांच लाख रूपए ठग लिए। आरोपी ने उन्हें केवल 40 हजार रूपए वापस लौटाए। उन्हें दुकान जब नहीं मिली तो उन्होंने अपने रुपए वापस मांगे तो आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी देकर झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कह रहा है। इस मामले में आज रिटायर्ड फौजी ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपी के खिलाफकार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार थाना इज्जत नगर क्षेत्र के नॉर्थ सिटी कॉलोनी निवासी राजेंद्र कुमार सक्सेना रिटायर्ड सैनिक है। उन्होंने बताया कि उन्होंने विशाल आनंद उर्फ संजय वाल्मीकि से किराए पर दो दुकान लेने के लिए पगड़ी के रूप में 5 लाख रुपए एडवांस दिए थे। आरोपी ने उन्हें अभी तक दुकान नहीं दी। जिस पर उन्होंने अपने रुपए वापस मांगें तो आरोपी ने केवल 40 हजार रूपए वापस कर दिए। अब आरोपी के ऊपर उनके चार लाख 60 हजार रूपए रह गए। अब जब वह आरोपी से रुपए मांगते हैं तो वह उन्हें जान से मारने की धमकी देता है और कहता है उन्हें झूठे मुकदमे में फंसा देगा। इस मामले में आज रिटायर्ड फौजी राजेंद्र कुमार सक्सेना ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफकार्रवाई की मांग की है।

## बसपा बनी हुई है भाजपा की बी टीम: नीरज मौर्य

**सपा की जीत और अपनी हार से घबरा गई है भाजपा**

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** आंवला लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार नीरज मौर्य के खिलाफकोतवाली में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उन्होंने बसपा को भाजपा की बी टीम बताया है। उनका कहना है कि भाजपा अब हार के डर से यह काम कर रही है। आंवला से वह मजबूत उम्मीदवार हैं। उन्हें फंसाने के लिए बसपा उम्मीदवार ने यह चाल चली। उन्होंने कोई धोखाधड़ी नहीं की जिस आधार पर उनके खिलाफरिपोर्ट की गई है। वह निराधार है।

बसपा उम्मीदवार भाजपा की बी टीम के रूप में काम कर रहे हैं। उन्हें आंवला से मुस्लिम समाज का पूरा समर्थन मिल रहा है। बात रही सत्यवीर से जान पहचान की तो वह आबिद अली को भी बहुत अच्छे से जानते हैं। इसका तात्पर्य यह नहीं कि उन्होंने पर्चा जमा कराया। अगर वह गलत पाए जाते हैं तो आज से ही राजनीति छोड़ देगें। भाजपा की मिली जुली साजिश है।

वहीं इस मौके पर सपा नेता वीर पाल सिंह यादव ने कहा कि पहले बसपा को जांच करना चाहिए थी। एक्सपर्ट से जांच के बाद साफहोता बहन मायावती के फर्जी साइन हैं या सही। बसपा बहुत पहले से अपना सिंबल बेचती आई है।

# संघ लोक सेवा आयोग में यशवर्धन सिंह चौहान का चयन होने पर एक गूंज संस्था ने किया सम्मानित

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** एक गूंज सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह (बंटी ठाकुर) ने संघ लोक सेवा आयोग में यशवर्धन सिंह चौहान का चयन होने पर संस्था द्वारा मोमेंटो और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया एक कल संस्था के एक गूंज संस्था के प्रदेश संरक्षकध्जय नारायण इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ रवि शरण सिंह चौहान के सुपुत्र यशवर्धन सिंह चौहान ने 22 साल की उम्र में संघ लोक सेवा आयोग में चयन होने पर सभी ने खुशी व्यक्त की और उज्जवल भविष्य की कामना की।




इस मौके पर इस मौके पर यशवर्धन सिंह चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा आज जो सफलता मिली है उसमें हमारे माता-पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद है यशवर्धन सिंह चौहान का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से एक गूंज संस्था के प्रदेश अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह बंटी ठाकुर विनय कुमार सिंह राठौड़, संजीव अवस्थी, अर्चना सिंह, डॉ तृप्ति गुप्ता, श्रवण गुप्ता, अमित पंत अध्यक्ष उत्तराणी जनकल्याण समिति,आलोक सिंह, रश्मि जोशी, पारस सिंह, प्रधानाचार्य अर्चना सिंह चौहान, प्रमोद रघुवंशी, कीर्ति शर्मा, श्रवण मिश्रा, सुकन्या सिंह चौहान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## मजदूरों के झगड़े में पूर्व प्रधान भट्ठा मालिक की गोली मारकर हत्या

**बरेली।** ईंट भट्टे पर मजदूरों का झगड़ा हो गया। इस दौरान बीच बचाव करने गए भट्ठा मालिक व पूर्व प्रधान की एक पक्ष ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना से हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी के अनुसार थाना फरीदपुर के गांव ढकनी निवासी मजर हुसैन 52 पुत्र अजहर हुसैन का ढकनी में ईंट भट्ठा है। उनके ईंट भट्टे पर आज दो मजदूरों के पक्ष में बुग्गी में ईंट भरने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान जब मजर हुसैन को पता चला तो वह झगड़ा बचाने चले गए। दूसरे पक्ष ने अपने साथियों को बुला लिया। उन लोगों ने मारपीट करने के साथ ही भट्ठा मालिक पर फायर झोंक दिया। जिससे भट्ठा मालिक की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। क्षेत्र में हत्या की सूचना से हडकंप मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चोरी के मामले में बाल अपचारी गिरफ्तार

**कासगंज।** पटियाली थाना में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। पटियाली इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि थाना में दर्ज चोरी के मामले में जांच पड़ताल के दौरान एक बाल अपचारी का नाम प्रकाश में आया। इसके बाद पुलिस ने बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि बाल अपचारी को पुलिस ने किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया है, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

# जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने किया संवेदनशील ग्राम का निरीक्षण

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।**जनपद बरेली में चलाए जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (वी0बी0डी) डॉ प्रशांत रंजन, जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह, अधीक्षक डा0 संचित शर्मा एवं अन्य अधिकारियों द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहगढ़ प0 के अतिसंवेदनशील ग्राम काशीपुर में घर घर भ्रमण कर आशाओं द्वारा किए जा रहे कार्य का पर्यवेक्षण किया, उनके द्वारा पूछे जाने वाले पांच लक्षण युक्त बीमारी वाले रोगियों को खोजने यथा बुखार के रोगी, सर्दी खांसी जुकाम और सांस लेने में दिक्कत होने पर रोगीए क्षय रोगी, कुष्ठ रोगी, फाइलेरिया रोगी, कालाजार रोगी, कुपोषित बच्चे, सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी आदि को सी एस प्रो ऐप पर अद्यतन कर, जनमानस के साथ अभियान के संबंध में ज़नजागरूक किया, ग्राम वासियों से आग्रह किया कि मच्छर के प्रजनन के अनुकूल परिस्थितियां उत्पन्न न करें । लोगों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव हेतु क्या करें क्या ना करें की जानकारी दी गई । पैंपलेट वितरित किए गए । आभा आई कार्ड बनवाने, लू से बचाव की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही ए0डी0ओ0 पंचायत एवं ग्राम प्रधान से गांव में साफसफ ई, नालियों की सफ ाई, एंटीलार्वा स्प्रे एवं फॉगिंग कराए जाने को कहा गया। इस अवसर पर मलेरिया निरीक्षक गुलशन गुप्ता भी उपस्थित रहे।

## श्विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की

**बरेली।** बाल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत भारत विकास परिषद शाखा पांचाल नगरी ने श्विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कुर्मांचल नगर स्थित अल्मा मेटर स्कूल में श्पृथ्वी को बचाएं विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी शानदार कला का प्रदर्शन किया और अनेक खूबसूरत पोस्टर बनाये जिनके माध्यम से पृथ्वी पर जीवन को बचाने का संदेश दिया। साथ पृथ्वी को हराभरा बनाने के लिए भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन बरेली के जिला संयोजक संजय नेगी और शाखा से पंकज सिंह ने किया और बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय कि शिक्षिका दीपिका सेली और इशिता ने अपना विशेष सहयोग दिया।

## जिला अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट पर लगे आरोप पर डीपीए ने जताया रोष

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** जीवन रेखा हीमोफ ीलिया जन कल्याण समिति की अध्यक्ष रेखा रानी द्वारा जिला अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट बी यादव पर दुर्व्यवहार करने और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने की शिकायत जिलाधिकारी से करने का जिला फ ार्मासिस्ट एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया है डीपीए के अध्यक्ष जनार्दन गंगवार ने बताया कि डॉ बी सी यादव पर दुर्व्यवहार का आरोप रेखा रानी द्वारा लगाया गया है वह गलत है बी यादव का कहना है कि रेखा रानी जिला अस्पताल की डिस्पेंसरी में पीजीएस काउंटर पर आकर दवा लेने पर दबाव डाल रही थी पीजीएस काउंटर राज्य कर्मचारियों के लिए होता है वह एक एनजीओ की कार्यकर्ता है उनको सामान्य विंडो पर दवा लेने को कहा गया था इसी पर वह भड़क गई थी उनके साथ कोई धक्का मुक्की या कोई दुर्व्यवहार नहीं किया गया पीसीएस काउंटर पर दवा देने का नियम जिला अस्पताल के प्रशासन द्वारा ही बनाया गया है और किसी को भी कोई नियम तोड़ने का अधिकार नहीं है जिला फार्मेसी एसोसिएशन ने मनगढ़ंत शिकायत का विरोध किया है ।

# चीन में भारी बारिश और बाढ़ की चेतावनी

**44 नदियां खतरे के निशान से ऊपर, 1 हजार से ज्यादा स्कूल बंद; 11 लापता और 6 घायल**

**बीजिंग, एजेंसी।**

चीन में आज (22 अप्रैल) भारी बारिश और बाढ़ आने की संभावना है। इसका असर दिखने भी लगा है। दक्षिण चीन के कई शहरों में 16 अप्रैल से हो रही तेज बारिश के चलते पानी भर गया है। 44 से ज्यादा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।



सिंगापुर की नेशनल न्यूज एजेंसी श्द्ध के मुताबिक बाढ़ के कारण अब तक 11 से ज्यादा लोग लापता हैं। वहीं भूस्खलन की घटनाओं में अब तक 6 लोग घायल हो चुके हैं। हालांकि, किसी के हताहत होने की अभी कोई खबर नहीं है।

लोकल प्रशासन लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए लगातार रेस्क्यू मिशन चला रहा है। अब तक 60 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा चुका है। इमरजेंसी सेवाएं अलर्ट मोड पर हैं। बाढ़ के चलते अब तक 165 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। चीन के राष्ट्रीय मौसम विभाग के मुताबिक 21 अप्रैल की शाम को साउथ चीन के तटीय क्षेत्रों से एक तूफान टकराया है, जिसके कारण चीन में सदी की सबसे बड़ी बाढ़ आ सकती हैं। माना जा रहा है कि इस तूफान से लगभग 12 करोड़ लोग प्रभावित होंगे। मौसम विभाग ने पहले ही इस तूफान को लेकर चेतावनी जारी कर दी थी।

गुआंग्शी शहर और हेझोउ शहर में 65 भूस्खलन की घटनाएं हो चुकी हैं। पिछले 4 दिनों से लगातार बारिश के कारण गुआंग्डोंग शहर में मूसलाधार बारिश हो रही है, जिससे पर्ल रिवर डेल्टा पानी से भर गया है। कई रिहायशी इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया है और एक मंजिला तक घर डूब गए हैं। सरकार ने हालत ठीक होने तक समुद्री इलाकों में जाने पर रोक लगा दी है। साउथ चीन की सबसे मुख्य बेई नदी उफान पर है, यहां सोमवार तक रिहायशी इलाकों में 19 फीट ऊपर तक पानी भर गया है। चीन में हर 50 साल में एक बार ऐसी बाढ़ आती है। गुआंग्डोंग में प्रशासन इमरजेंसी मोड की तैयारी में है। इसके अलावा जियांग्शी और फुजियान में मौसम विभाग ने भारी बारिश की संभावना जताई है। तूफान का असर झाओकिंग, शोगुआन, क्विंगयुआन और जियांगमेन शहरों पर भी दिखने लगा है। यहां 12 घंटों से भारी बारिश हो रही है। झाओकिंग के पूरे शहर में बिजली गायब है। तीन प्रांतों में अगले आदेश तक 1 हजार से ज्यादा स्कूलों को बंद कर दिए गया है। शहर में मोबाइल सिग्नल भी गायब हो गए है। गुआंग्डोंग में किंगयुआन और शोगुआन में सेना को मदद के लिए भेजा गया है। गुआंग्डोंग में 27 हाइड्रोलॉजिकल स्टेशन अलर्ट पर है। यहां बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हो रही है। इससे पहले जून 2022 में चीन में इतनी भीषण बाढ़ आई थी।

# करोड़ों की लागत से बने सड़क का डिवाइडर कुछ ही महीना में हुआ ध्वस्त

अमर प्रभात ब्यूरो

**गाजीपुर ।** सिद्धपीठ हथियाराम मठ के अति प्राचीन बंगले पर जिला पंचायत विभाग द्वारा लगभग एक करोड रुपए से अधिक की लागत से बने सड़क व डिवाइडर घटिया निर्माण के चलते सोमवार की सुबह अपने आप ध्वस्त हो गया। गौरतलब हो की 750 वर्ष प्राचीन सिद्धपीठ श्री हथियाराम मठ स्थित बंगले पर अभी कुछ महीने पूर्व ही जिला पंचायत विभाग द्वारा 600 मीटर सड़क व बीच में डिवाइड का निर्माण कराया गया। जिसके लिए विभागीय टेंडर के माध्यम से एक करोड़ की लागत से निर्माण कराया गया। सड़क के बीचो बीच डिवाइडर पर फूल पौधे लगाने की भी व्यवस्था बनी हुई है। सोमवार की सुबह बंगले के केयरटेकर द्वारा डिवाइडर पर फूल पौधों की जगह उग गए झाड़ियां को साफकिया जा रहा था। तभी अचानक डिवाइडर का काफी बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा। जिसमें सफाई कर रहा कर्मचारी बाल बाल बचा। इसके साथ ही उक्त सड़क सिद्धपीठ मठ से लेकर बंगले तक जगह-जगह दलदल के स्वरूप में बैठ गई है। जिससे आने.जाने वाले दर्शनार्थियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही घटिया निर्माण और धन की लूटपाट के प्रमाण भी स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। गौरतलब हो कि सिद्धपीठ के पास से बंगले तक जाने वाली 600 मीटर सड़क डिवाइडर के निर्माण का जिला पंचायत द्वारा ठेका होने के बावजूद काफी दिन तक लंबित रहा। जिसे कुछ माह पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सरसंघचालक डॉक्टर मोहन राव भागवत के आगमन के समय आनन फानन में बनाई गई। उसके बाद सड़क का निर्माण अधूरा ही छोड़ दिया गया था। अभी एक हफ्ते पूर्व उक्त सड़क पर पिच की गई। जो पिच अपने आप उड़ रही है। वहीं जगह.जगह दलदल जैसा भी हो गया है। जबकि अचानक सफाई करने के दौरान डिवाइडर भरभरा कर गिर जाना काफी घटिया निर्माण का द्योतक है।

सिद्धपीठ से जुड़े लौटू प्रसाद प्रजापतिए श्रीराम जाए अरुण सिंहए प्रमोद वर्मा इत्यादि ने कहाकि जिलाधिकारी द्वारा उक्त निर्माण की जांच कराते हुए दोषियों पर कार्रवाई की जाए संबंधित ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों पर भी विभागीय कार्रवाई आवश्यक है। जिससे इस तरह के सरकारी धन के लूटपाट पर रोक लगाई जा सके।

# इजरायली हमले में मरे एक ही घर के 13 बच्चे, पर एक करिश्मा भी- मां की मौत के बाद जन्मी बच्ची

**गाजा, एजेंसी।**

इजरायल ने गाजा पट्टी पर फिर से हमले तेज किए हैं। यही नहीं रविवार को तो उसके हमले में एक ही रात में 22 लोगों की मौत हो गई। यही नहीं 22 जिंदगियां चली गईं तो एक का जन्म भी हुआ। इजरायली हमले में मारी गई एक इजरायली महिला के गर्भ से बच्ची का जन्म हुआ है। फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। खबरों के अनुसार इजरायल के हमलों में जो लोग मारे गए हैं, उनमें एक ही परिवार के 13 बच्चे शामिल हैं। इन हमलों में अलग-बगल के दो घर ही निशाने पर आए और उनमें रहने वाले 22 लोगों की मौत हो गई।



इसी दौरान एक बच्ची का जन्म मरी हुई मां के गर्भ से हुआ। बच्ची का वजन करीब 1.4 किलोग्राम है और डिलिवरी ऑपरेशन से हुई है। बच्ची की देखभाल में जुटी डॉ. मोहम्मद सलमा ने कहा कि उसकी हालत में धीरे-धीरे सुधार आ रहा है। फिलहाल उसकी जिंदगी को कोई खतरा नहीं है। बच्ची की मां सबरीन अल-सकानी 30 सप्ताह की गर्भवती थी और इजरायली हमले में उसकी मौत हो गई। मां की मौत के बाद पहुंचे बचावकर्मियों ने देखा तो गर्भ के अंदर बच्ची जिंदा थी। इसके तुरंत बाद ऑपरेशन किया गया और बच्ची को गर्भ से निकाल लिया गया।

बच्ची को फिलहाल राफा के एक अस्पताल में इनक्यूबेटर में रखा गया है। बच्ची के परिचय के तौर पर लिखा गया है- शहीद सबरीन अल-सकानी की बेटी। यह परिचय एक टेप पर लिखा गया है, जिसे उसके सीने पर चिपकाया गया है। सबरीन के साथ ही उसकी एक बच्ची की भी मौत हो गई है। इसके अलावा पति भी मारे गए हैं यानी नवजात बच्ची अनाथ है। बच्ची के चाचा रमी अल-शेख ने कहा कि उसकी बहन चाहती थी कि बेटी का जन्म हो तो उसका नाम रूह रखा जाए। उन्होंने कहा कि मलक बहुत खुश थी कि उसकी बहन दुनिया में आ रही है, लेकिन उससे पहले इजरायली हमले ने परिवार के तीन लोगों की जान ले ली। डॉ. सलमा ने कहा कि बच्ची को तीन से चार सप्ताह तक अस्पताल में रखा जाएगा। सलमा ने कहा, इसके बाद हम देखेंगे कि बच्ची को किसे सौंपना है। चाचा चाची को दिया जाए।

## लेबनान में इजरायली हमले में मारा गया एक आतंकवादी

**बेरूत, एजेंसी।** दक्षिणी लेबनानी गांव पर इजरायली हवाई हमले में अमल मूवमेंट का एक सदस्य मारा गया और दो अन्य घायल हुए। इसकी जानकारी लेबनानी सैन्य सूत्रों ने दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि इजरायली बलों ने दक्षिणी लेबनान के 8 सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर 12 हवाई हमले किए, जिसमें 15 घर तबाह हो गए और 25 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। इस बीच, हिजबुल्ला ने कहा कि उनके लड़ाकों ने अल-मलिकियाह, मिसगाव अम, जल अल-आलम और डोविव बैरक की इजरायली साइट्स पर हमला किया। साथ ही कहा गया कि उन्होंने जेजिन जिले के लेबनानी गांव आइचीयेह के ऊपर एक इजरायली हर्मीस 450 ड्रोन को मार गिराया है। सशस्त्र समूह ने कहा कि इजरायली ड्रोन दक्षिणी लेबनान में स्थानों पर हमला कर रहा था। हिज्बुल्लाह और अमल मूवमेंट दोनों लेबनान में शिया पार्टियां हैं। इसके अलावा, लेबनान में अल-कसम ब्रिगेड, फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) की सैन्य शाखा ने दावा किया कि उन्होंने 20 ग्रैड मिसाइलों के साथ गैलील क्षेत्र के पश्चिमी क्षेत्र में इजरायली शोमेरा बैरक पर बमबारी की। 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हुए हमले के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिजबुल्ला ने इजरायल की ओर रॉकेट लॉन्च किए, जिसके चलते 8 अक्टूबर, 2023 को लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया। इसके बाद इजरायल ने दक्षिण पूर्वी लेबनान की ओर गोलीबारी के जरिए जवाबी कार्रवाई की।

# अवैध संबंधों के विरोध पर प्रेमी संग मिलकर की सास की हत्या

**पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर की पूछताछ शुरू**

अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** ग्राम मुमियाखेड़ा में एक 70 वर्षीय वृद्धा की हत्या के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। हत्या की यह घटना अवैध संबंधों के विरोध के कारण हुई, जिसमें पुत्रवधू, उसके प्रेमी और प्रेमी के चाचा को संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटनाक्रम के अनुसार, निधौलीकलां थाना क्षेत्र के ग्राम मुमियाखेड़ा निवासी उदयवीर सिंह के दो पुत्र हैं, योगेश कुमार और मुन्नेश कुमार। दोनों हलवाई का काम करते हैं और वर्तमान में बाहर काम कर रहे थे। योगेश की पत्नी,




दुर्गादेवी, अपनी सास, बैकुंठी देवी, के साथ घर पर रहती है। योगेश के अनुसार, दुर्गादेवी के गांव के निवासी युवक से अवैध संबंध हो गए थे। योगेश ने इस पर कई बार विरोध किया था और यह बात बैकुंठी देवी को भी पता थी।

रविवार की रात लगभग 12:30 बजे, प्रेमी अपने चाचा के साथ दुर्गादेवी के घर पहुंच गया। बैकुंठी देवी ने प्रेमी और दुर्गादेवी को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इसी के कारण, आरोप है कि दुर्गादेवी ने प्रेमी और प्रेमी के चाचा के साथ मिलकर बैकुंठी देवी की गला दबाकर हत्या कर दी। सोमवार की सुबह करीब 4 बजे, दुर्गादेवी ने शोर मचाया कि उसकी सास की मौत हो गई है। इस खबर के बाद गांव के लोग एकत्रित हो गए।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लिया और दुर्गादेवी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। प्रेमी व उसका चाचा फरार बताए गए हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस ने कहा है कि वे मामले की गहन जांच कर रहे हैं और तहरीर मिलने के पश्चात आरोपी जल्द ही कानून के शिकंजे में होंगे। इस घटना ने ग्राम मुमियाखेड़ा में लोगों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है।

## कैबिनेट मंत्री संजय निषाद पर हुऐ हमले की निषाद पार्टी द्वारा तीव्र भर्त्सना

**एटा( अमर प्रभात ब्यूरो)।** गत दिवस संतकबीर नगर जिले में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी समर्थित एक विशेष समुदाय के कुछ कथित दबंग लोगों द्वारा निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संजय कुमार निषाद कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार पर राजनैतिक दुर्भावना से किऐ गऐ हमले की निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार कश्यप, प्रमुख महासचिव डा. सुभाष शाक्य, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती ओमलक्ष्मी सहित पार्टी के हरिश चन्द कश्यप एड. , रवि कश्यप, देवांश वर्धन कश्यप,हरीशंकर कश्यप, राजू कश्यप, डा. राजेश गौड, विजयपाल सिहं कश्यप, विजय सिहं कश्यप, गुलजारी लाल कश्यप, सैफअली, असद अहमद अब्बास, डा. मोहन सिंह, अमित कुलश्रेष्ठ, डा. देवेश शर्मा, डा. अमन राजपूत, शिवम कश्यप दानिश खान, शिवराज सिहं कश्यप, दिनेश चन्द कश्यप, राकेश भारद्वाज, डा. संजीव पचौरी, महेश चन्द वर्मा, अजीत सिंह सोलंकी, राहुल देव सिहं, डा. पुष्पेन्द्र कुमार सिंह, डा. हरवंश सिहं लोधी, डा. शशिप्रभा राजपूत , कु. सर्वेश गिहार, वेद सिंह कश्यप आदि लोगों ने तीव्र भर्त्सना की है। निषाद पार्टी के स्थानीय नेताओं ने कहा है कि इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में समपन्न हुऐ प्रथम चरण के चुनाव से हतोत्साहित होकर एनडीए गठबंधन के नेताओं पर गिरी हुई राजनीति करने पर उतर आया है।

## छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट

**एटा( अमर प्रभात ब्यूरो)।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बदरिया निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि गांव के निवासी प्रवीन समेत तीन लोगों द्वारा पीड़ित की बहन के साथ छेड़खानी की, विरोध करने पर आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के भाई के साथ मारपीट कर दी, जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर सकीट थाना क्षेत्र के गांव मलिगांव निवासी प्रियंका पत्नी रंजीत का आरोप है कि गांव के निवासी गिरीश की पत्नी सुधा ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की गाली गलौज की गई। शिकायत करने पर पुलिस ने तीन लोगों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई की है।

## अब नहीं दिखते बिल्ले और बच्चों की टोलियां

**एटा।** लोकसभा चुनाव में जहां सियासी सरगर्मी जोर पकड़ रही है, वहीं रंगत एकदम फीकी है। प्रत्याशियों के बिल्लों के लिए लालायित गली-मुहल्लों में बच्चों की टोलियां भी अब यादों में सिमट कर रह गई हैं। इसके पीछे कारण चुनाव आयोग की सख्ती। चुनावी शोर आयोग के अंकुश से दबकर रह गया है।

करीब ढाई दशक पहले बेशक बच्चों का चुनाव में कोई योगदान नहीं होता था लेकिन उनकी उमंग सिर चढ़कर बोलती थी। बिल्लों के लिए गली मोहल्लों में दौड़ती बच्चों की टोलियां चुनावी माहौल का एहसास कराती थी। जब भी प्रचार वाहन आता बच्चे पीछे दौड़ लगाते थे। उन्हें कोई मतलब नहीं होता कि किस पार्टी व प्रत्याशी है। सिर्फ बिल्ले पाने की ललक रहती। हाल यह होता था कि उनके हाथ में झंडा किसी दल का, टोपी किसी और की। जीतेगा भाई जीतेगा.., का शोर सुनाई देता था। अब चुनाव आयोग की सख्ती के चलते पहले की भांति न तो झंडा नजर आते, न बैनर। बिल्ले गायब हैं।

जब हम बच्चे थे तो प्रचार वाहन के पीछे दौड़ते और बिल्ला एकत्र करते थे। घर देर से पहुंचते तो पिटाई होती थी। वे दिन आज भी याद हैं।

**- विनय कुमार**

चुनावी माहौल आते ही अजीब सी उमंग होती थी। रिक्शे के पीछे ही आवाज लगाते दौड़ते थे। आजकल के दौर में ऐसा कुछ नहीं है।

**- रोहित यादव**

पहले प्रचार सामग्री छापने वाले भी व्यस्त होते थे। चुनाव में हर हाथ को काम मिलता था। फुरसत नहीं होती थी। अब ऐसा कुछ नहीं है।

**- अक्षय कुमार**

## प्रभारियों की समीक्षा बैठक संपंन

**पटियाली।** सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र के सभागार में परिषदीय विद्यालय के प्रभारियों की समीक्षा बैठक हुई। खंड शिक्षा अधिकारी शशिकांत ने नवीन नामांकन, हाउसहोल्ड सर्वे, कंपोजिट ग्रांट का शत प्रतिशत सदुपयोग, दीक्षा एप का प्रयोग, छात्र उपस्थित तथा चुनाव संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ विद्यालयों में कम हो रही छात्र संख्या बढ़ाने के लिए अभिभावक से संपर्क कर बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने को प्रेरित करने की सलाह दी। इस दौरान सुखवीर सिंह, रतन प्रकाश, यशवीर सिंह, रामेश्वर सिंह, अरविंद कुमार, रितेश शर्मा, भूपेंद्र गौतम सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## धर्म प्रेमियों ने भंडारे का कराया आयोजन

**कासगंज।** गंजडुंडवारा कस्बा के थाना रोड पर धर्म प्रेमियों ने भंडारे का आयोजन कराया। इस दौरान आसपास के सैंकडों लोगों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही राहगीरों को भी रोककर उन्हें प्रसाद ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डा. रमन मिश्रा, डा. सत्येंद्र, अश्वनी कुमार, डा. अमन सक्सैना, आर्यन मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

## चैंकिग के दौरान तमंचा, कारतूस समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज।** सोरों कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो आरोपियों से तमंचा, कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की है। मामले में कोतवाली में तैनात एसआई राधेश्याम सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया है कि उन्होंने सहावर रोड से एक बाइक पर सवार अरविंद पुत्र हुकुम सिंह, मुकेश पुत्र ताराचंद्र निवासीगण गुलाबगढ़ी सोरों को गिरफ्तार किया। इनसे पुलिस ने एक-एक तमंचा, एक-एक कारतूस बरामद किया है।

## मामूली विवाद में महिला, पति व बेटो को किया लहूलुहान

**कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र के नगला भूतल में मामूली विवाद में महिला, उसके पति व बेटों को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया गया। पुलिस ने मामले में पीडिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। रिपोर्ट में पूरन देवी पत्नी फगुन लाल निवासी नगला भूतल ने बताया है कि गत 21 अप्रेल को वह अपने पशुओं को चारा डाल रही थी, तभी गांव के जगदीश, जय सिंह, नेत्रपाल, अरुण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर महिला से मारपीट की। चीखपुकार पर पहुंचे उसके पति फगुन लाल, बेटा सुरेश, सोनू पहुंच गए। आरोपियों ने उन्हें भी घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विवाहिता को जीजा ने किया अगवा रिपोर्ट दर्ज

**कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से विवाहिता को उसका जीजा अगवा कर ले गया। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रिपोर्ट में एक ग्रामीण ने बताया है कि सभी लोग खेत पर गेंहू की कटाई कर रहे थे। तभी उसकी पुत्रवधू को उसका बहनोई दिनेश पुत्र कमल सिंह निवासी पचलाना सोरों अगवा कर ले गया। उसकी पुत्रवधू घर से 45 हजार रुपये की नकदी, सोने चांदी के आभूषण भी ले गई है। जब वह घर पहुंचे, तब घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मारपीट के मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज

**गंजडुंडवारा।** कोतवाली क्षेत्र गांव जयधर में महिला से हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने नामजद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट में राजकुमारी पत्नी रामनरेश ने बताया है कि गत 21 अप्रेल की शाम गांव के आकाश, रघुनंदन, देवकीनंदन पुत्र गण रामबाबू ने उससे गाली गलौज की, विरोध करने प मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जीएसटी अधिकारियों ने बैठक कर व्यापारियों से मतदान का किया आवाहन

**एटा।** लोकतंत्र का महापर्व है मतदान मतदान के दिन सरकार के द्वारा घोषित अवकाश मौज मस्ती के लिए नहीं वरन मतदान करने के लिए किया गया है सत प्रतिशत मतदान होने पर ही हम अच्छे प्रत्याशियों को सत्ता के दरवाजे पर पहुंचाने का कार्य करेंगे चाहे कितनी भी आपकी मजबूरी हो आपको मतदान अवश्य करना चाहिए भारत चुनाव आयोग ने मतदाताओं के लिए तमाम सुविधाएं प्रारंभ की हैं अपना वोट अवश्य डालें उक्त संबोधन डिप्टी कमिश्नर जीएसटी अभिषेक सिंह ने रामजी द्वारा जलेसर के सेवा सत्संग भवन में व्यापारियों की बैठक में व्यक्त किये।

बैठक के दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्याएं भी रखें जिनके अति शीघ्र निस्तारण का आश्वासन भी अधिकारियों ने दिया सभी व्यापारियों ने जीएसटी अधिकारियों को आस्वस्थ किया की हर हाल में मतदान करेंगे और मतदान के लिए अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे।

इस दौरान बैठक में सहायक आयुक्त सुशील कुमार पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव वर्मा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विशन वार्ष्णेय आदित्य

## हनुमान जयंती के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन

अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** हनुमान जयंती के उत्सव के अंतर्गत, जलेसर स्थित मंदिर परिसर में एक चमत्कारिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से आए कवि और कवयित्रियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

इस सम्मेलन का आयोजन वरिष्ठ कवि स्व. पं. वीरेन्द्र कुमार उपाध्याय की स्मृति में किया गया। दीप प्रज्वलन कवि सम्मेलन के अध्यक्ष रवींद्र जैन एवं स्व. पंडित वीरेन्द्र कुमार उपाध्याय के पुत्र यतेन्द्र उपाध्याय ने किया। इस सम्मेलन में श्रोताओं को हास्य, श्रृंगार, ओज, आदि सभी प्रकार के रसों का अनुभव हुआ। कवियों ने अपनी-अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को आनंदित किया।

इस सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से आए कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को रसास्वादन कराया। उन्होंने हास्य, श्रृंगार, जनवादी और व्यंग्य जैसे विभिन्न रसों का संग्रह प्रस्तुत किया। कवि पंकज तिवारी (जलेसर) ने कहा कि हनुमान का यह मंदिर नहीं देखा, उसने फिर दुनिया कोई दर नहीं देखा। इस कवि सम्मेलन में




सैकड़ो धर्म प्रेमी और कवि प्रेमी मौजूद थे। आगामी कार्यक्रमों में भी उनकी उत्सुकता देखी जा सकती है।

कवियों में पंकज तिवारी जलेसर, कृष्णमुरारी मथुरा, चन्द्र वर्मा भौगांव, शरद जैन जलेसर रवीन्द्र जैन जलेसर, राजकुमार वर्मा, खेमचन्द्र वर्मा, सत्यप्रकाश सत्य मौजूद रहे। इसके अलावा सुरेश चन्द्र वार्ष्णेय, यतीश चन्द्र गुप्ता, हृदेय चंद्र वार्ष्णेय, विष्णु ठाकुर, पवन ठाकुर, प्रमोद कुमार, दीपक वार्ष्णेय, निशु वार्ष्णेय, शशिकांत वार्ष्णेय आदि सैकड़ों धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

## शहीद जवान को श्रद्धांजलिः गांव नगला बूला में भारतीय सेना के वीर सिपाही को अंतिम विदाई

अमर प्रभात ब्यूरो



**एटा।** नगला बूला गांव में एक दर्दनाक घटना ने गांववासियों को गहरे शोक से जकड़ लिया, जहां एक बहादुर भारतीय सेना का जवान अपने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देते हुए शहीद हो गए। उनकी श्रद्धांजलि में गांव के सभी नागरिकों ने आँखों में आंसू छोड़ दिए। 26 वर्षीय शहीद अंशुल यादव, सत्यवीर सिंह के पुत्र, ने वर्ष 2017 में भारतीय सेना के 224वें राजपुताना राइफल्स में शामिल होकर देश की सेवा की। लेकिन पिछले 5-6 महीनों से उनके स्वास्थ्य में समस्या थी, जिसका उपचार दिल्ली के आरआर हॉस्पिटल में चल रहा था। दुःख की बात यह है कि इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी पत्नी शिल्पी व छोटे दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार में मातम छाया हुआ है।

मौत के बाद, उनके साथियों ने उनके पार्थिव शरीर को गांव लाकर उनका अंतिम संस्कार किया। उन्हें उनके ही बटालियन के जवानों ने पैतृक गांव लाया गया और उनके लिए सम्मान सहित अंतिम कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनके छोटे भाई शालू ने मुखाग्नि दी। इस दुखद घड़ी में, गांव के सभी नागरिकों ने आपस में मिलकर उनकी वीरता को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। थाना पिलुआ क्षेत्र के नगला बूला गांव के समाज ने इस दुखद मौके पर अपनी एकता और सहयोग दिखाया।

## मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग हॉस्टल में दिनदहाड़े चोरी

अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग हॉस्टल में दिनदहाड़े चोरी की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। सोमवार को अज्ञात चोरों ने हॉस्टल के एक कमरे का ताला तोड़कर नकद, कीमती आभूषण, शैक्षिक प्रमाण पत्र और एटीएम कार्ड्स सहित कई मूल्यवान चीजें चुरा लीं। सूचना मिलते ही, पुलिस ने जांच शुरू कर दी और चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने का वादा किया है।

घटना के अनुसार, आगरा निवासी प्रतीक कुमार, जो बलवीर सिंह के पुत्र हैं, मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग ऑफिसर के रूप में कार्यरत हैं। वे मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग हॉस्टल की दूसरी मंजिल पर रूम नंबर 19 में रहते हैं। सोमवार को, रोजाना की तरह, प्रतीक ने अपने कमरे में ताला लगाकर ड्यूटी पर चले गए। लगभग दोपहर 2 बजे, अज्ञात चोरों ने उनके कमरे का ताला तोड़कर 35 हजार रुपए, एक सोने की अंगूठी, शैक्षिक प्रमाण पत्र और 4 एटीएम कार्ड चोरी कर लिए। चोरी के बाद, चोरों ने तुरंत एटीएम कार्ड का उपयोग करके पैसे



**35 हजार नकद, सोने की अंगूठी, और एटीएम कार्ड्स गायब**

निकालने का प्रयास किया। जब ऐसा किया गया, तो प्रतीक कुमार को उनके मोबाइल पर एक संदेश मिला, जो उनके लिए एक झटका था। वे तुरंत अपने कमरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि सब कुछ चोरी हो चुका था। इस घटना की सूचना उन्होंने तुरंत पुलिस को दी।

कोतवाली नगर इंस्पेक्टर और पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि वे इस घटना के संबंध में जल्द ही खुलासा करेंगे और चोरों को पकड़ने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। यह घटना मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग हॉस्टल के सुरक्षा उपायों पर सवाल खड़ा करती है और वहां रहने वाले अन्य निवासियों के बीच चिंता पैदा कर दी है। इससे पहले 17 अप्रैल को दूसरी मंजिल पर ही दो निर्सों के रूमों से चोरी करने का प्रयास किया गया था। हॉस्टल से सिक्यूरिटी पहले ही हटा दी गई थी, सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगाए गए हैं।

## तृतीय चरण के मतदान कार्यक्रम में द्वितीय रेण्डमाइजेशन पूर्ण

अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से एटा लोकसभा हेतु तैनात किए गए सामान्य प्रेक्षक ललित कुमार दाहिमा आईएएस, पुलिस प्रेक्षक योगेश दाधीच आईपीएस, व्यय प्रेक्षक राम सिंह गुर्जर एवं जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों आदि की मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय, मतदान अधिकारी तृतीय) के द्वितीय रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया कलक्ट्रेट स्थित नवीन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में वीडियो कैमरे की निगरानी में सम्पन्न हुई। सभी प्रेक्षकगणों का जनपद मुख्यालय पहुंचने पर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने प्रेक्षकगणों को अवगत कराया कि तृतीय चरण में एटा लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा मारहरा, एटा सदर एवं आगरा लोकसभा की विधानसभा जलेसर में 07 मई को मतदान होना है। जिसके तहत 1133 पोलिंग स्टेशन हेतु




1248 पोलिंग पार्टिया (रिजर्व सहित) के द्वितीय रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया वीडियो कैमरे की निगरानी में एवं प्रेक्षकगणों, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पादित की गई। डीईओ ने बताया कि निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 4992 कार्मिकों को 01 मई से 03 मई तक दो पालियों में सेण्ट पॉल्स सी0से0 स्कूल निधौली रोड में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। डीईओ ने निर्देश दिए कि तृतीय चरण हेतु तैनात किए गए पोलिंग पार्टी के सभी मतदान कार्मिक गंभीरता से अपना प्रशिक्षण निर्धारित तिथि, समय पर उपस्थित होकर लेना सुनिश्चित करें, यदि कोई जिज्ञासा है तो उसे मास्टर ट्रेनर्स से अवश्य दूर कर ली जाए, जिससे कि मतदान के दिवस कोई समस्या उत्पन्न न हो। प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों पर आयोग के निर्देशानुसार सुसंगत धाराओं में कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। डीईओ ने बताया कि चतुर्थ चरण के कार्मिकों के द्वितीय रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया प्रथक से की जाएगी, जिसके तहत चतुर्थ चरण में फर्रूखाबाद लोकसभा के तहत अलीगंज विधानसभा में 13 मई को मतदान होगा। इस अवसर पर एसएसपी राजेश कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी कार्मिक डा0 एके वाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एसडीएम सदर सुश्री भावना विमल, एएसडीएम वेद प्रिय आर्य, क्षेत्राधिकारी विक्रान्त द्विवेदी, डीआईओ एनआईसी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारीगण, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## लक्ष्य ने छात्र/छात्राओ प्रधानाचार्य व शिक्षको को किया सम्मानित



अमर प्रभात ब्यूरो

**कासगंज।** लक्ष्य संस्था के पदाधिकारियो ने श्री गणेश इंटर कॉलेज से इण्टर बोर्ड परीक्षा 2024 मे भूमिका राजपूत 96.40 प्रतिशत जिले मे द्वितीय यूपी मे 8वॉ स्थान लवली राजपूत 95.20 प्रतिशत जिले मे 8वॉ स्थान हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा मे गौरी भारद्वाज 94.83 प्रतिशत जिले मे द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। बता दे कि लक्ष्य के प्रदेश उपाध्यक्ष रामचन्द्र वर्मा ने बताया कि श्री गणेश इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एचपी दुवे ने 1 जुलाई 2013 से प्रधानाचार्य पद का कार्यभार संभालने के बाद शिक्षको व करमचारियो के सहयोग से संस्था के शैक्षिक वातावरण मे क्रान्तिकारी परिवर्तन आया है, व संस्था के छात्र/छात्राऐं जिले व प्रदेश की मैरिट लिस्ट मे स्थान प्राप्त कर रहे है। प्रधानाचार्य दुवे जी ने बताया कि हाई स्कूल/इण्टर बोर्ड परीक्षा मे 90 प्रतिशत अक या अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो पर इण्टर तक होने वाला सम्पूर्ण व्यय संस्था करेगी। इस अवसर पर शिक्षको को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्रधानाचार्य एच पी एन दुवे लक्ष्य के प्रदेश उपाध्यक्ष रामचन्द्र वर्मा प्रोफेसर डा रामबाबू वर्मा, दुर्गेश कुमार, केके सिंह ठाकुरदास वर्मा, रिंकू लोधी, रवि लोधी सरिता राजपूत, जसवीर सिह अमर सिंह शैलेन्द्र लोधी आदि उपस्थित रहे।

## नवागत एबीएसए का किया स्वागत सम्मान

**गंजडुण्डवारा।** कस्बा के थाना रोड स्थित नगर क्षेत्र कार्यालय पर नवागत एबीएसए प्रीति गोयल का स्वागत सम्मान किया गया। शिक्षकों ने नवागत एबीएसए को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस दौरान निसार अहमद, मुहम्मद काशिफ सूर्यकांत शर्मा, दुशासन शाक्य सहित अन्य मौजूद रहे।

## मतदान दिवस पर बन्द रहेंगी शराब की दुकानें

**कासगंज।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिये मतदान दिवस पर मतदान समाप्त होने से 48 घण्टे पूर्व से आबकारी की समस्त दुकानें मादक वस्तुओं की बिक्री पूर्णतः बन्द रखने के आयोग द्वारा निर्देश दिये गये है। जनपद कासगंज में तृतीय चरण लोक सभा सामान्य निर्वाचन चुनाव को देखते हुये 05 मई से सायं 06:00 बजे से 07 मई 2024 सांय 06:00 बजे तक अथवा मतदान समाप्त होने तक आबकारी की समस्त दुकानें मादक वस्तुओं की बिक्री पूर्णतः बन्द रखने के निर्देश दिये गये है।

जिला मजिस्ट्रेट सुधा वर्मा द्वारा आदेश जारी किये गये हैं कि जनपद कासगंज की समस्त आबकारी देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडलशॉप एवं भांग की फुटकर व थोक दुकानें मतदान दिवस पर मतदान समाप्त होने से 48 घण्टे पूर्व अर्थात मतगणना दिनांक 04 जून 2024 को प्रातः काल से रात्रि 10 बजे तक पूर्णतः बन्द रहेंगी। उक्त के अतिरिक्त द्वितीय चरण के मतदान दिनांक लोक सभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र जनपद अलीगढ़ से सटे जनपद कासगंज की सीमा के अंदर 08 किमी0 की परिधि में पड़ने वाली समस्त थोक एवं बिक्री की आबकारी दुकाने 24 अप्रैल से सायं 06:00 बजे से 26 अप्रैल 2024 सायं 06:00 बजे तक अथवा मतदान समाप्त होने तक जो भी बाद में हो। 13 मई 2024 लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र जनपद फर्रूखाबाद एंव जनपद एटा से सटे जनपद कासगंज की सीमा के अंदर 08 किमी0 की परिधि में पड़ने वाली समस्त थोक एवं फुटकर बिक्री की आबकारी दुकानें 11 मई सायं 06:00 बजे से 13 मई 2024 को सायं 06:00 बजे तक अथवा मतदान समाप्त होने तक जो भी बाद में हो। मतगणना समाप्ति की तिथि 04 जून 2024 को रात्रि 10 बजे तक जनपद कासगंज की समस्त आबकारी दुकानें देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शॉप व भांग एवं अन्य मादक पदार्थों की फुटकर व थोक बिक्री हेतु दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी।

## विश्व पृथ्वी दिवस और मतदाता जागरूकता पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

अमर प्रभात ब्यूरो

**कासगंज।** सोरों स्थित एन.आर. पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस तथा मतदाता जागरूकता आयोजित हुआ। विद्यालय में पधारे अतिथि गढ़ में प्रदीप कुमार जी विमल (उपजिला अधिकारी), डॉ जयंत कुमार गुप्ता (समन्वयक जिला विज्ञान क्लब कासगंज), विद्यालय के प्रबंधक डॉ विवेक कुमार राजपूत एवं प्रधानाचार्य विनोद कुमार कुशवाह जी के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। विभिन्न गतिविधियों के जरिए स्कूली बच्चों को पृथ्वी दिवस मनाने के महत्व से अवगत कराया गया।

स्कूल में वर्ल्ड अर्थ डे पर चित्रकला, पोस्टर, रंगोली, मेहंदी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही साथ विभिन्न गतिविधियों के जरिए स्कूली बच्चों को पृथ्वी दिवस मनाने के महत्व से अवगत कराया गया। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण आदि से संबंधित जानकारियां भी प्रदान की गई। स्कूल के प्रांगण में मौलश्री के पौध का रोपण किया एवं स्कूली छात्र छात्राओं को रोपण हेतु पौधे वितरित किए। इसके अलावा प्रधानाचार्य विनोद कुमार कुशवाहा जी ने स्कूल के छात्र छात्राओं को विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धक प्रतिभाग की सराहना की। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों के नाम-तान्या उपाध्याय,शिफा,सुमैया, दक्षा, निष्ठा पाराशर, योग्यता, नव्या, परिधि शर्मा,निधि यादव, दीक्षा, भारती, इशू, दिशा आदि ने प्रतिभाग किया। पर्यावरण को सुधारने के दृष्टिकोण से सभी छात्र-छात्राओं द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शारीरिक शिक्षक कुलदीप शर्मा जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य भूमिका में विद्यालय के कोऑर्डिनेटर पी0 सिंह राजपूत और कंप्यूटर विभाग के प्रमुख शिक्षक भूपेंद्र कुमार जी एवं विद्यालय के हेड बॉय-आयुष और हेड गर्ल-निष्ठा शर्मा जी रहे। कलाम हाउस के वाइस कैप्टन-शिफा खान, कैप्टन-गजेंद्र कुमार, सी.वी. रमन हाउस से वाइस कैप्टन-अंश तोमर, कैप्टन-मुस्कान कुमारी, भाभा हाउस से वाइस कैप्टन-तान्या उपाध्याय एवं कैप्टन-सोनम कुमारी और बसु हाउस से वाइस कैप्टन-हनी कुमार तथा कैप्टन-शरद गौतम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं में अमित उपाध्याय, मोह प्रकाश, जवाहर सिंह, जतिन जोहरी, अंकुर गौड़, भावना, अनीता, राजीव, अनामिका वशिष्ठ, सुमन, रिचा, कायनात, अवधेश, दीपक, चाहत, खुशबू, अर्चना, संगीता, रिदा, पूनम, वीना, सपना, शिवानी, पूजा, गीतका, प्रेरणा, लाएबा फरीदी, अवनीश, प्रियांक, चिराग, रूपाली आदि उपस्थित रहे।

# जनपद में आज श्रद्धा-भक्ति से मनेगा श्री हनुमान जन्मोत्सव

**शहर के चौरासी घंटा मंदिर पर101 दीपकों से महाआरती व कन्या भोज एवं भंडारा होगा**

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** प्रतिवर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा को अंजनिपुत्र बजरंग बली का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया जाता है।यह प्रमुख दिवस व तिथि कल 22 अप्रैल मंगलवार की है।एसएस में जनपदभर में श्री हनुमान जयंती उत्सव

**बिसौली में सुन्दरकाण्ड पाठ के बाद विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी**

मनाने की जगह-जगह तैयारियां पूर्ण की गयीं है। इस धार्मिक उत्सव के सम्बन्ध में शहर में सर्राफा बाजार स्थित 84 घंटा हनुमान मंदिर पर बैठक का आयोजन किया गया।मंदिर के पुजारी सुधीर कुमार मिश्रा ने बताया, विगत वर्षों की भांति इस वर्ष श्री अंजनी लाल का जन्मोत्सव कार्यक्रमों में सुबह के समय श्री बालाजी का भव्य -दिव्य श्रृंगार के बाद संगीतमय सुंदरकांड का



पाठ आरंभ होगा।तत्पश्चात महा आरती एवं छप्पन भोग का दर्शन प्रातः काल 9:00 बजे, कन्या भोज सुबह 10:00 बजे एवं प्रसादी भंडारा दोपहर 12:00 बजे से आरंभ होगा।इस धार्मिक आयोजन को लेकर कपिल रस्तोगी, रामगोपाल पटवा, प्रदीप पटवा, राजकुमार सिंह सेंगर, दीपक वैश्य, अरविंद वैश्य, राजू वैश्य, अनुराग शर्मा, कन्हैया मिश्रा, उमंग वैश्य,प्रशांत रस्तोगी, शिवम देवलऔर मनु अग्रवाल आदि हनुमान भक्त सक्रिय दिखे।

**बिसौली।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में श्री सुंदरकांड आयोजन समिति द्वारा बुधवार,24 अप्रैल को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें राम दरबार रथ, हनुमान रथ एवं देवी देवताओं की झांकियां शामिल होंगी।आयोजन समिति के अनुज कुमार शर्मा ने बताया 23 अप्रैल मंगलवार को साय 5 बजे से अग्रवाल धर्मशाला में श्री सुंदरकांड पाठ, श्री हनुमान चालीसा, श्री हनुमानाष्टक, श्री बजरंग बाण, भजन, महा आरती, छप्पन भोग व प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## बालाजी नगर में आयोजित सुन्दरकाण्ड में उमड़ा जनसैलाब

**बदायूं ।** श्रीहनुमान जयंती की पूर्व सन्ध्यां पर सोमवार को उझानी स्थित बालाजी पुरम में भव्यता के साथ बजरंग बली का दरबार सजा ।इस मौके अपर अंजनिपुत्र के प्रेमियों ने सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजनों के माध्यम से हनुमानजी का गुणगान किया।हनुमान गढी मंदिर के महंत के सानिध्य में सम्पन्न हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में राजकुमार माहेश्वरी सपत्नी मुख्य यजमान रहे ।देर शाम प्रसाद वितरण के साथ बाबा का जन्मोत्सव कार्य्कतम सम्पन्न हुआ ।इस अवसर पर रिंकू माहेश्वरी,आलोक मिश्रा,राहुल माहेश्वरी,आदित्य मिश्रा,अनिल कुमार,आशुतोष सक्सेना,वैभव चतुर्वेदी,कुश चौहान,सुनील उपाध्याय,उषा सक्सेना,शिल्पी महेश्वरी,रमन,सीमा मिश्रा,गीता श्रीवास्तव, पुष्पलता,आस्था,श्रद्धा माहेश्वरी, सिताब सिंह,विष्णु माहेश्वरी,समेत सैकड़ों भक्तो ने बजरंगबली का गुणगान कर जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया।

# हनुमान जयंती पर नगर में रहे स्वच्छता व्यवस्था :चेयरमेन

अमर प्रभात संवाद

**बिसौली।** श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर नगर पालिका चेयरमैन अबरार अहमद ने सफाई व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने को पालिका स्टाफ व सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक की।सोमवार को पालिका कर्मचारियों के साथ मीटिंग में निकाय अध्यक्ष श्री अहमद ने नगर में 23 अप्रैल को अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम एवं 24 अप्रैल को शोभायात्रा के रास्तों पर सफाई व्यवस्था के आवश्यक दिशा निर्देश



दिए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही किसी सूरत में सहन नहीं की जाएगी। बैठक में लेखा लिपिक मशकूर खां, राजीव कुमार, विकास बाबू, सफाई नायक राजेश बाबू, अजय, धर्मपाल, विक्रम, संतोष, सुशील वाल्मीकि, शिवम, सनी, जितेन्द्र वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

# गंगा में डूबे छात्र का शव दूसरे दिन मिला



अमर प्रभात संवाद

**कछला।** थाना क्षेत्र उझानी के अंतर्गत भागीरथ घाट कछला पर रविवार के दिवस गंगा स्नान करते समय छात्र डूब गया था जिसे दूसरे दिन गोताखोरों की मदद से पुलिस ने मृत अवस्था में बरामद किया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा के सबको परिजनों को सौंप दिया है।

बताते हैं रविवार को मनीष (24) पुत्र अनिल निवासी बेंगलुरु सराय बिहार जो की कासगंज में रहकर आरटीआई की शिक्षा ग्रहण कर रहा था। भागीरथ घाट कछला पर अपने साथियों के साथ गंगा स्नान करना आया था। नहाते समय कछला पुल के निकट गहरे पानी मैं चला गया। साथियों के शोर मचाने पर स्थानीय गोताखोरों ने बचाने का काफी प्रयास किया परंतु मनीष को बचाने में नाकामयाब रहे। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी काफी प्रयास किया लेकिन मनीष को तलाश करने में नाकामयाब रहे। मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार भी फोर्स के साथ पहुंच गये पर देर रात तक शव बरामद नहीं हो सका। आज सुबह कछला पुलिस ने मनीष का शव बरामद किया। परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम करा के शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# ग्रामसभा की जमीन पर अनाधिकृत निर्माण रुकवाकर मांगपत्र सौंपा



अमर प्रभात संवाद

**बिसौली।** किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने ग्राम सभा की भूमि से अवैध निर्माण कार्य रूकवाकर अवैध कब्जा हटवाने के संबंध में नायब तहसीलदार सृजन कुमार एवं अच्छन खांन को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। सोमवार को गांव पैगा भीकमपुर निवासी राजपाल पुत्र भाय सिंह द्वारा नायब तहसीलदार को ज्ञापन में राजपाल द्वारा गांव के ही विनोद पुत्र राम भजन पर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया गया है। राजपाल द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण के संबंध में विनोद को मना किया गया तो उसके द्वारा राजपाल के विरुद्ध अभ्रद व्यवहार करने एवं जान से मारने की धमकी दी। किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम की गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार सृजन कुमार एवं अच्छन खान को उक्त मामले में संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# कथौली गावं स्थित शिवमंदिर से घंटे चोरी

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** रविवार की देर रात किसी समय सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कठौली स्थित एक शिव मंदिर से अज्ञात चोर हजारो पीतल के दर्जनभर घंटे चुराकर ले गया है।इस सम्बन्ध में सोमवार को ग्रामवासी बनवारी लाल पुजारी ने बताया कि रोजमर्रा की तरह मंदिर की साफ सफाई करने पहुचे तो मंदिर में टगे घंटो को नदारत देख चोरी हो जाने की बात मालूम हुई। जिसकी मंदिर के पुजारी बनवारी लाल ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती रात अज्ञात चोर मंदिर में टंगे पीतल के 12 घंटो को चुराकर ले गया जिनका बजन लगभग 60 किग्रा है। इस से पूर्व में भी इसी मंदिर से घंटा चोरी हुए थे। परंतु आज तक मंदिर से घंटो चोरी करने वाले अज्ञात चोर को पुलिस नही पकड सकी है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सड़क कम चौड़ी होने से वाहन पलटा, हादसा टला



अमर प्रभात संवाद

**समरेर।** समरेर में कमा रोड पर सड़क कम चौड़ी होने से एक वाहन पलट गया पर गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नही हुआ।

ग्रामीणों ने बताया कि समरेर से कमा रोड पर जल्दी में ही सीसी रोड का निर्माण हुआ है जिसे ठेकेदार ने खराब मटेरियल से बनवाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सीसी रोड के निर्माण में सरिया का भी कोई इस्तेमाल किया गया है। वहीं दूसरी तरफ ठेकेदार ने सीसी निर्माण करके ऐसे ही छोड़ दिया है। और रोड कम चौड़ा बनाया है। साथ ही रोड 5 फीट ऊंचा करके बनाकर छोड़ दिया है। जिससे आए दिन हादसे होते रहते है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार ने रोड के किनारे मिट्टी नहीं डाली है ना ही पटले डाले हैं। जिससे आए दिन बड़े हादसे से होते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इस रोड पर काफी भारी वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। आज एक लोड घोड़ा बड़ा डंपर वाहन लोड होकर जा रहा था तभी वह रोड के एक किनारे से कम चौड़ाई के कारण से सरक गया। जिससे गाड़ी पलट गई। गनीमत यह रही थी जहां पर वाहन पलटा वहां पर खाली घर था वहां ज्यादा घनी बस्ती नहीं थी। अगर घनी बस्ती में ऐसा होता तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने बताया कि अगर रोड ठीक से चौड़ा होता और दोनों तरफ पटले पड़े हुए होते या मिट्टी पड़ी हुई होती तो यह हादसा नहीं होता। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों तरफ रोड कम चौड़े हैं जिससे आये दिन गिरकर चोटिल होते रहते है।

# एक्सप्रेस-वे परियोजना के तहत आधा दर्जन किसानों की जमीन का हुआ बैनामा

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** जनपद में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे परियोजना के तहत तहसील दातागंज के ग्राम डहरपुर कलां व विहारीपुर के पास शासन द्वारा इन्टरचेन्ज प्रस्तावित किया गया है।इसके लिए करीब 27 हेक्टेयर भूमि डहरपुर कलां व विहारीपुर के कृषकों से क्रय की जानी है।इसी कर्म में सोमवार को दातागंज के तहसीलदार रविन्द्र प्रताप सिंह, नायव तहसीलदार सतीशचन्द्र मिश्र- और राजस्व निरीक्षक राजकुमार व दधीचिपाल सिंह एवं लेखपाल आरिफ अली के द्वारा



क्षेत्रीय भूमि अधिग्रहण एवं बैनामा कराने के लिए कार्यवाही सुचारू रही। जिसके तहत आज 22 अप्रेल को ग्राम डहरपुर कलां के आधा दर्जन भू-स्वामियों द्वारा यूपीडा के पक्ष में अपनी जमीन को विक्रय किया गया है। तहसील दातांगज के एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिह ने बताया कि एक माह में यूपीडा के पक्ष में बैनामें पूर्ण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रस्तावित भूमि पर कार्यदायी संस्था द्वारा इन्टरचेन्ज का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

# शैक्षिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बदायूं द्वारा शैक्षिक संगोष्ठी विषय राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका एवम सेवानिवृत शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम अध्यक्ष एवम मुख्य वक्ता संघ के विभाग प्रचारक विशाल एवम राजेश कुमार गुप्ता सेवानिवृत प्रधानाचार्य ननहुमल जैन इंटर कॉलेज बिल्सी रहे।मुख्य वक्त विशाल ने राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया शिक्षक एक ऐसी धुरी है,एक शिक्षक अपने शिक्षण समय में कितने बच्चों को जीना सिखाता है और उनका सर्वांगीण विकास करता है। कार्यक्रम के सहवक्त राजेश गुप्ता ने समाज में शिक्षक की भूमिका पर




प्रकाश डाला एवम समाज और राष्ट्र के प्रति शिक्षक की क्या जिम्मेदारी होनी चाहिए इस पर चर्चा की। इसके उपरांत इस वर्ष बेसिक शिक्षा में जनपद बदायूं के सेवानिवृत हुए शिक्षकों का सम्मान कर उनको शॉल एवम मोमेंटो भेट कर उनको बेसिक शिक्षा में सम्मानपूर्ण अपनी सेवा करने पर बधाई दी। इस अवसर पर दुष्यंत रघुवंशी, प्रदीप कुमार,सोनी गुप्ता, दिनेश गुप्ता,अंकुर कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष जगत आदेश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष अंवियापुर मुकुल पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष वजीरगंज धीरज शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष उझानी लखेंद्र राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष उसावां प्रमेंद्र नाथ मिश्र, ब्लॉक अध्यक्ष म्याऊं शुभम कुमार, ब्लॉक कोषाध्यक्ष सलारपुर आशीष गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष समरेर , ब्लॉक कोषाध्यक्ष सहसवान सादिक अली, ब्लॉक उपाध्यक्ष कामेंद्र सिंह, रीता रानी , काजल दुबे एवम समस्त ब्लॉक कार्यकारिणी उपस्थित रहे। मंच संचालन आशीष गुप्ता ने किया।

# पुलिस पर आरोप लगा पीड़ित ने एसएसपी ऑफिस के सामने जहर खाया

**आनन-फानन पुलिस फ़ोर्स ने भुक्तभोगी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया,सीओ सिटी ने आरोप निराधार बताते हुए पति-पत्नी का आपसी विवाद बताया है**

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।**सोमवार की अपराह्न के समय एसएसपी कार्यालय के सामने अचानक उस मस्य हडकंप मच गया जब यहाँ मौजूद एक व्यक्ति ने अपने ऊपर तेल छिड़ककर आय्मदाह का प्रयास किया।हालाकि इससे पूर्व वो कोई विषैला पदार्थ काये हुआ था।घटना के समय सजग पुलिस फ़ोर्स ने तत्काल आरोपी को दबोचकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

बतादें कि शहर के मोहल्ला नई सराय निवासी गुलफाम का विवाद अपनी पत्नी से चल रहा है।जिसका आरोप हैकि मुजरिया थाना पुलिस समेत आला अधिकारी उसके मामले में सुनवाई नही क्र रहे है जबकि ससुराली पक्ष उसका लगातार उत्पीड़न करते आरहे है।इसी के चलते सोमवार की अपराह्न गुलफाम ने एसएसपी ऑफिस के सामने आत्मदाह का प्रयास करके हडकंप मचा दिया जोकि अब पुलिस की देखरेख में अस्पताल में उपचारित है।बताया जा रहा हैकि शहरवासी गुलफाम ने बीबी-बेटा होते हुए भी दूसरी शादी मुजरिया क्षेत्र से कर ली थी।बात खुलने पर दूसरी बीबी और परिजनों से गुलफाम का दहेज एक्ट का मुकदमा चल रहा है।इसी के सापेक्ष बताते हैकि वो अपनी पत्नी और ससुरालीजनो को फंसाने के लिए मुजरिया और एसएसपी कार्यालय में झूठी शिकायते करता आरहा था जोकि जांच में निर्मूल निकलीं।सोमवार को हुए घटना क्रम के बारे में सीओ सिटी का कहना रहा कि कार्यवाही ना करने का आरोप बेबुनियाद है।पति-पत्नी का आपसी विवाद है जोकि कोर्ट में विचारित है।प्रयास रहेगा कि दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराकर उनके आपसी पारिवारिक विवाद को सुलटाया जा सकता है।

## अवैध अंग प्रत्यारोपण करने वाले अस्पताल पर कार्रवाई करें, सरकार का सभी राज्यों को निर्देश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अवैध अंग प्रत्यारोपण करने वाले अस्पतालों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने को कहा है। इसमें अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन निलंबित करना भी शामिल है। भारत सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डा. अतुल गोयल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में पत्र लिखा है। इस पत्र में डा. गोयल ने कहा है कि अंग प्रत्यारोपण के सभी आंकड़े मासिक आधार पर राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के साथ साझा किए जाने चाहिए। इनमें देश के नागरिकों के साथ ही विदेशी नागरिकों के आंकड़े भी होने चाहिए। हरियाणा और राजस्थान में हुए अवैध अंग प्रत्यारोपण के रैकेट की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह आदेश जारी किया है। इस रैकेट में बांग्लादेश के लोग भी शामिल थे। चार अप्रैल को सीएम फ्लाइंग दस्ता, गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने जयपुर के दो निजी अस्पतालों में पैसे लेकर किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया था। अधिकारियों ने बताया कि इस रैकेट का भंडाफोड़ गुरुग्राम के एक होटल में छापेमारी के बाद हुआ था।

# एम्स समेत सफदरजंग, आरएमएल और लेडी हार्डिंग अस्पताल में मई से आधे डॉक्टर छुट्टी पर रहेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली एम्स समेत केंद्र सरकार के अस्पताल सफदरजंग, आरएमएल और लेडी हार्डिंग में वरिष्ठ डॉक्टर यानी फेकल्टी सदस्य अगले माह से ग्रीष्मकालीन अवकाश पर रहेंगे। 15 मई से अस्पताओं में फेकल्टी के सदस्यों के लिए ग्रीष्मकालीन आकाश शुरू हो रहा है। डॉक्टर दो पालियों में छुट्टी पर रहेंगे। ऐसे में ओपीडी में आने वाले मरीजों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

बताया जा रहा है कि 15 मई से 16 जुलाई के बीच दो चरणों में संस्थान के सभी डॉक्टर अवकाश पर रहेंगे। अस्पताल प्रबंधन ने सभी विभागों से छुट्टी पर जाने वाले डॉक्टरों का ब्यौरा मांगा है। साथ 50 फीसदी से कम उपस्थिति नहीं होने के निर्देश दिए हैं। प्रबंधन का कहना है कि 16 मई से 14 जून और 16 जून से 15 जुलाई तक दो अलग-अलग चरण में छुट्टी दी जा सकती है।

मरीज ध्यान रखें - वरिष्ठ डॉक्टरों के ग्रीमकालीन अवकाश के दौरान मरीजों को ओपीडी के अलावा ऑपरेशन को लेकर भी कई बार परेशानी उठानी पड़ती है।




पहले से तय ऑपरेशन अवकाश की वजह से आगे बढ़ाना पड़ता है। प्रबंधन के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं को देखते हुए डॉक्टरों को अलग-अलग चरण में अवकाश लेने के लिए कहा है। दिल और न्यूरो की अत्याधुनिक जांच होंगी - एम्स दिल्ली में दिल और मस्तिष्क से जुड़ी बीमारी के इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए अच्छी खबर है। नए ओपीडी ब्लॉक में मरीजों को अत्याधुनिक जांच लैब की सुविधाएं मिलेंगी। इनमें तीन टेस्ला वाई नई एमआरआई मशीनें, सीटी स्कैन मशीन आदि की सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। इससे मरीजों को जांच की लंबी तारीखों से छुटकारा मिल सकेगा।

डॉक्टरों के ग्रीष्मकालीन अवकाश का रोस्टर बनाया जा रहा है कि कौन से वरिष्ठ डॉक्टर कब से कब तक छुट्टी पर रहेंगे। इसके बाद अस्पताल अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर रोस्टर को पोस्ट करते हैं। मरीज अस्पतालों की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भी डॉक्टर के छुट्टी पर होने की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया एमसीएमसी सेंटर का निरीक्षण कर दिए निर्देश

## उम्मीदवार एमसीएमसी सेंटर से पूर्व अनुमति लेकर ही कार्य करें




अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिला सूचना कार्यालय में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, एमसीएमसी सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व सोशल मीडिया सेल में किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) रेनू सिंह ने समस्त व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से प्रेक्षक को जानकारी उपलब्ध कराई।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल रूप से संपन्न करने के लिए सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने एमसीएमसी सेंटर का निरीक्षण कर वहां प्रिंट मीडिया सेल में समाचार पत्रों की कटिंग, पेड न्यूज व फेक न्यूज से संबंधित प्रकरण, समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाले विज्ञापन आदि की जानकारी ली तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सेल में चलाए जा रहे विभिन्न समाचार चैनलों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सोशल मीडिया सेल में पोर्टल व सोशल मीडिया हैंडल्स की की जा रही निगरानी के संबंध में भी जानकारी ली।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा अनुरूप जनपद के जिला सूचना कार्यालय में एमसीएमसी सेंटर की स्थापना कराई गई है। जहां इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनलों में ब्रॉडकास्ट होने वाले विज्ञापनों, सिनेमा हॉल में चलने वाले विज्ञापनों, एसएमएस, केबल नेटवर्क पर ब्रॉडकास्ट होने वाले विज्ञापनों, सोशल मीडिया व वर्चुअल कंपनी में ब्रॉडकास्ट होने वाले विज्ञापन, ई पेपर में प्रकाशित होने वाले विज्ञापन, रेडियो या प्राइवेट एफएम पर प्रकाशित होने वाले विज्ञापन। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रचार प्रसार के दौरान ऑडियो विजुअल या ऑडियो प्रचार सामग्री आदि विभिन्न प्रकार के प्रचार सामग्री तथा मतदान से एक दिन पूर्व व मतदान के दिन समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों की पूर्व अनुमति एमसीएमसी सेंटर के द्वारा ही दी जाएगी। उन्होंने लोकसभा का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों व उनके चुनाव अभिकर्ताओं से कहा कि वह उक्त संबंधित सभी पूर्व अनुमतियां लेकर ही कार्य करें। जिसके लिए एमसीएमसी टीम पूरी तरह से तैयार है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा, जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चन्दोला आदि मौजूद रहे।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण, दिए निर्देश

## पोलिंग पार्टियां 6 मई को मंडी समिति से रवाना होगी



अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए बनाए गए सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने सोमवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंडी समिति में बनाए गए मतगणना स्थल, पोलिंग पार्टी रवानगी व वापसी स्थल का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां आयोग की मंशा अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने निरीक्षण के दौरान प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, साफ सफाई की व्यवस्था, पुलिस व्यवस्था, कार्मिकों की व्यवस्था आदि विभिन्न बिंदुओं पर पूरे मंडी परिषद में निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आयोग की मंशा अनुरूप मतगणना, पोलिंग पार्टी रवानगी व वापसी आदि विभिन्न कार्य कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मतगणना स्थल पर युद्ध स्तर पर तैयारी कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि वह पूर्व में भी कई बार मतगणना स्थल मंडी परिषद का निरीक्षण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को सकुशल रूप से संपन्न कराया जाएगा। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रेनू सिंह ने बताया कि पोलिंग पार्टियां 6 मई को मंडी समिति से रवाना होगी तथा मतगणना का कार्य 4 जून को होगा। मतदान 7 मई को होना है।इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# हाई स्कूल में अदिति शर्मा व इंटर में अनुष्का गुप्ता ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए

अमर प्रभात संवाद



**बिसौली।** यूपी बोर्ड परीक्षा में त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज की छात्रा कुमारी अदिति शर्मा ने हाई स्कूल में 600 अंकों में से 562 अंक प्राप्त कर कालेज व परिवार का नाम रौशन किया है।

जिसमें कुमारी अदिति शर्मा पुत्री अरविंद कुमार शर्मा ने गणित विषय में सर्वाधिक 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। जबकि इंटर मीडिएट बोर्ड परीक्षा में छात्रा अनुष्का गुप्ता ने 500 अंकों में से 411 अंक प्राप्त कर कालेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मेधावी छात्रा कुमारी अदिति शर्मा की मां एक कुशल गृहणी हैं व पिता स्थानीय उप डाकघर में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं देश व समाज के लिए दे रहे हैं। कालेज के प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षक और प्रबंधन तंत्र के मुखिया अनिल कुमार पाठक समेत कुमारी अदिति शर्मा के बाबा रामनिवास शर्मा सहित छात्रा के परिवार में बेहद खुशी का माहौल है।

# डीएम ने मेधावियों को किया सम्मानित, प्रेक्षक ने दी बधाई

## मेधावी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की



अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडियट परीक्षा वर्ष 2024 में प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त जनपद के चार मेधावी छात्र एवं छात्राओं को जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के प्रेक्षक केके सुदामा राव ने भी मेधावी छात्र एवं छात्राओं को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

अयोध्या प्रसाद सरस्वती विद्या मन्दिर उ.मा. वि. उझानी की नियति वार्ष्णेय ने हाईस्कूल परीक्षा में 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर 7वां स्थान प्राप्त किया। भूदेवी वार्ष्णीय इण्टर कालेज बिल्सी के रोहित चैहान ने हाईस्कूल परीक्षा में 97.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर 9वां स्थान प्राप्त किया। श्रीराम सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज मीराजी चौकी के पार्थ वैश्य ने इण्टरमीडियट परीक्षा में 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर 7वां स्थान प्राप्त किया। एसशेएसयो अग्रवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज उझानी की पल्लवी शर्मा ने इण्टरमीडियट परीक्षा में 96.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर 10वां स्थान प्राप्त किया।

अयोध्या प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उझानी की छात्रा नियति वार्ष्णेय ने हाई स्कूल की परीक्षा में 97.33 प्रतिशत के साथ प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं उझानी नगर का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन किया। नियति के पिता रमेश प्रकाश वार्ष्णेय मिष्ठान विक्रेता है। नियति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्कूल के शिक्षकों एवं अपने माता-पिता को दिया। उसने कहा कि मुझे समय-समय पर अपने शिक्षकों का निर्देशन मिलता रहा। मैं प्रतिदिन 8 से 10 घंटे पढ़ती थी एवं इन सब में मेरी मां मदद करती थीं। नियति भविष्य में पीसीएस (जे) करना चाहती है, जिससे वह गरीबों को न्याय दिला सके। उसकी इस इच्छा पर घर वालों ने खुशी जाहिर की है।

# मतदान दिवस 7 मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जनपद में मतदान दिवस 7 मई को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा जारी पत्र तथा सामान्य विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी विज्ञप्ति के क्रम में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन से संबंधित जनपदों में निर्वाचन के प्रयोजन के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में मतदान दिवस 7 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले के कोषागार तथा उपकोषागार भी इस तिथि को बंद रहेंगे।

# चुनावी बैठक में विचार व्यक्त



अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** राष्ट्रीय शाह समाज फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान मे चुनावी बैठक का आयोजन जिला प्रभारी बॉबी शाह के आवास पर किया गया।बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री अरशद अल्वी तथा अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद शीराज अल्वी ने की।

मुख्य अतिथि अरशद अल्वी ने कहा भाजपा सरकार में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का काम ईमानदारी से किया गया है।अब पिछड़ों, दलितों, शोषितों, वंचितों और अल्पसंख्यक समुदाय को भी लगने लगा कि केंद्र व राज्य में उनकी सरकार है।बिना भेदभाव के अल्पसंख्यकों को सभी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शीराज अल्वी ने कहा हमारी कोशिश है समाज को संगठित कर अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जाए।इस बैठक में जिला प्रभारी बाबी शाह,नईम शाह अशरफ शाह,जिला युवा अध्यक्ष अनस शाह,नासिर शाह,सलीम शाह, अकरम शाह जमील शाह, आदिल शाह सहित समाज के जिम्मेदार लोग उपस्थित रहे।



# स्कूली बच्चों ने मतदाता निकाली जागरूकता रैली

अमर प्रभात संवाद

**म्याऊं।** सोमवार को म्याऊं एबीएसए कार्यालय से स्कूली बच्चों की मतदाता जागरूक रैली का खंड विकास अधिकारी मनीष वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

मतदाता जागरूकता रैली जूनियर स्कूल से शुरू होकर ब्लॉक परिसर अस्पताल होती हुई प्राथमिक स्कूल होती हुई जूनियर स्कूल पर समापन हुआ। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि वोट डालना मतदाता का अधिकार है। हर महिला पुरुष अपने मत का अवश्य प्रयोग करें। यह हमारे भारतीय नागरिकता की एक पहचान है। सबसे पहले मतदान करें उसके बाद जलपान करें। एडीओ पंचायत ने कहा कि यह भी एक त्योहार है। वोट डालना बहुत जरूरी है। इसलिए जनपद में आने वाली 7 मई को होने जा रहे लोकसभा के चुनाव में अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें। इस मौके पर ऋषिपाल सिंह, अजीत सिंह, संजय सिंह, आमिर अली, किरन सागर, पिंकी मलिक व वीरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाजपा ही मुस्लिमों की सच्ची हितेषी पार्टी है : अरशद अल्वी

**बदायूं।** राष्ट्रीय शाह समाज फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में चुनावी बैठक का आयोजन जिला प्रभारी बॉबी शाह के आवास पर किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री अरशद अल्वी तथा अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एड. मोहम्मद शीराज अल्वी ने की। मुख्य अतिथि अरशद अल्वी ने कहा भाजपा ही मुस्लिमों की सच्ची हितेषी है। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शीराज अल्वी ने कहा पिछली सरकारों द्वारा शाह समाज को वोट बैंक बनाकर इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा हमारा समर्थन शिक्षित व स्थानीय प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य को है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नईम शाह, जिला मंत्री अशरफ नासिर आबिद शाह, अजहर अली शाह व जमील शाह आदि मौजूद रहे।

# केदारनाथ महिला इंटर कालेज की छात्राओं ने बढ़ाया मान



**कुंवरगांव।** विकासखंड सालारपुर क्षेत्र के गांव बावट निवासी छात्रा नैंसी पटेल ने केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज से हाई स्कूल की परीक्षा में 84.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। दूसरी छात्रा गांव भरकुईया की रहने वाली दर्शिका पटेल ने हाई स्कूल में 77.80 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार का मान बढ़ाया है। दोनों छात्राओं को परिजनों और विद्यालय स्टाफ ने बधाई दी है।

# बदतर होती बिजली अव्यवस्था से जनसामान्य दुखी

## सिविल बार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर व्यवस्था सुधार की मांग की

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** गर्मी का सीजन शुरू होते ही शहर ही अपितु जिलेभर विधुत आपूर्ति की दशा-दिशा गड़बड़ा गयी है।ध्यान दे कि 24 घंटे में बामुश्किल 10 घंटे ही आपूर्ति होने से जनसामान्य काफी प्रभावित है।पनबड़िया उपकेन्द्र से हो रही मनमानी को लेकर सिविल बार एसोशियेशन के सचिव व अधिवक्ताओं ने भी नाराजगी जता डीएम को मांगपत्र सौंपा है।

लचर विधुत अव्यवस्था तथा बेताहाशा कटौती के कारण इस सीजन की शुरुआत से विभाग लोगों को रुलाने लगा है।जिला मुख्यालय की बात करे तो सबसे ज्यादा खराब हालात पनबड़िया विधुत केंद्र से सम्बद्ध इलाको और उपभोगताओं के हैं।जहां पर आये दिन आपूर्ति वाधित रहती है।मरम्मत कार्य के नाम पर तय समयावधि से अधिक कटौती नियत रहने से इलाकाई लोग बेहद परेशानी भुगतते हैं।इसी मुद्दे पर नाराज जिला सिविल पार एसोशियेशन के सचिव अरविन्द पाराशरी के नेत्रत्व में अधिवक्ता बब्धू जिलाधिकारी से मिले विधुत उपभोक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराया।इस मौके पर सोमवार को डीएम मनोज कुमार को ज्ञापन देने वालों में अरविंद पाराशरी सचिव, आर.आर गुप्ता, विवेक रैदर, कौशलेंद्र मोहन शर्मा, संदीप सिंह, सुधीर मिश्रा, असद, राधव पाठक, वैभव गुप्ता, आदि अधिवक्ता वधु उपस्थित रहे। यहां ध्यान दें कि सोमवार को ही मंडी समिति इलाके में सोमवार को 11 केवी मंडी फीडर से सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक विजली सप्लाई बंद रही।इस दौरान ट्यूबवेल कालोनी, इंद्र नगर, मंडी समिति, बुद्ध बिहार, नरऊ बुजुर्ग, बाबा कालोनी, सियाराम नगर आदि इलाकों मे लोग गर्मी में बिना बिजली के काफी परेशान रहे।

# मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा हुई स्थापित

## आज होगा अटूट भंडारा





अमर प्रभात संवाद

**उघैती।** बदायूं बिजनौर स्टेट हाईवे पर स्थित श्री हनुमान मंदिर पर विधि विधान के साथ हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई। हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में अटूट भंडारे एवं सवामनी भोग के साथ सुंदरकांड आयोजन की तैयारी पूरी की जा रही हैं।

रविवार से शुरू हुए धार्मिक अनुष्ठान के बाद मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ विधि विधान से प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिमा स्थापना के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन किया गया। हवन में आहुतियां दी गई। धार्मिक अनुष्ठान में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्री हनुमान जी को छप्पन भोग के साथ सवामनी चढ़ाई जाएगी। रात को सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मोरपाल गुप्ता, डा. मुनीश कुमार, मुनेंद्र गुप्ता, डा. नत्थू लाल गुप्ता व संजय सिंह आदि मौजूद रहे।



# पुण्य कर्मों से ही होती है मुक्ति : संजीव रूप

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित आर्य समाज मंदिर पर साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। यहां वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने यज्ञ संपन्न कराया। तृप्ति शास्त्री आर्य ने वेद पाठ किया। यज्ञ के उपरांत आचार्य संजीव रूप ने कहा कि यह संसार कर्म प्रधान है, मनुष्य कर्म करने में स्वतंत्र, वह चाहे तो अच्छे कर्म कर सकता है वह चाहे तो बुरे कर्म भी कर सकता है, किंतु फल ईश्वर के हाथ में रहता। इसलिए व्यक्ति को चाहिए कि वह कभी भी पाप कर्म न करें, क्योंकि पाप कर्मों से बंधन होता है और पुण्य कर्मों से ही सद्गति होती है। तृप्ति शास्त्री ने कहा कि चारों वेदों में राष्ट्र को प्रथम माना गया है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह राष्ट्र की उन्नति के लिए सोचे और ऐसा कोई काम ना करें जिससे राष्ट्र का अहित हो। इस अवसर पर गुड्डू रानी, रेखा रानी, मोना, प्रिंस कुमार, राकेश आर्य व पंजाब सिंह आदि मौजूद रहे।

# बेहटा गुंसाई में 24 अप्रैल से मनाया जाएगा श्याम महोत्सव

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा गुंसाई में भिलौलिया-स्वरुपपुर मार्ग पर बने खाटू श्याम बाबा के नवीन मंदिर पर 24 अप्रैल से महोत्सव मनाया जाएगा। जिसको लेकर यहां तैयारियां शुरु कर दी है। बाबा के भक्त नवीन गुप्ता ने बताया कि नए मंदिर में स्थापित की जाने वाली देव प्रतिमाओं का 24 अप्रेल को पूजन कर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होगें। इसके अगले दिन 25 अप्रेल को सभी देव प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही गांव में बाबा के भक्तों द्वारा निशान यात्रा भी निकाली जाएगी। 26 अप्रेल को इसकी प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाम को बाबा संकीर्तन किया जाएगा। जिसमें दिल्ली समेत कई स्थानों से कलाकार हिस्सा लेने के लिए आ रहे है।

# दहेज हत्या के आरोपी पति-ससुर को भेजा जेल

**बिल्सी।** दो दिन पहले थाना क्षेत्र के गांव सतेती पट्टी चूरा निवासी शोभा पत्नी प्रमोद कुमार का शव फंदे पर लटका मिला। जिसके बाद मृतका के पिता नेकराम पुत्र इतवारी लाल निवासी ग्राम वरायमय खेडा थाना उझानी ने शोभा के पति प्रमोद पुत्र रामबाबू समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस आरोपियों को तलाश करने में जुट गई। रविवार की रात थाना पुलिस ने बिजनौर-बदायूं हाइवे पर स्थित सतेती चौराहा के निकट से वांछित चल रहे अभियुक्त प्रमोद पुत्र रामबाबू और रामबाबू पुत्र श्याम लाल को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को जेल भेजा है।

# सभी महिलाएं अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें : रितु शाक्य



**बिल्सी।** सोमवार को नगर मोहल्ला संख्या पांच में पूर्व सभासद विनोद बाबू मौर्य के आवास पर महिलाओं ने एक सामूहिक बैठक की। जिसमें रितु शाक्य ने सभी महिलाओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हर काम छोड़कर, जाति, धर्म से ऊपर उठकर बिना किसी भय दबाव या लालच के अपने देश के लिए अपने संविधान के सम्मान में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें साथ ही अपने पड़ोसी रिश्तेदारों को भी जरूर बताएं। आगामी सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में हर हाल में अपने बूथ पर वोट अवश्य दें। इस दौरान सभी महिलाओं ने मतदान करने की शपथ भी ली। इस अवसर पर नन्हीं देवी, भावना मौर्य, शीतल शाक्य, अनुराधा, नेहा शाक्य, विमला देवी, अनार देवी, कमला देवी, मीना मौर्य, स्वाती माहेश्वरी, वर्षा माहेश्वरी आदि मौजूद रही।

# दहेज हत्या के दो आरोपियों को भेजा जेल

**बिल्सी।** थाना क्षेत्र के गांव फतेह नगला में बीती 30 जनवरी रात एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर की चारपाई पर मिला था। जिसमें पुलिस ने मृतका के पिता की ओर से पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी केके मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के गांव बांस बरोलिया निवासी एवं मृतका के पिता पृथ्वीराज ने बताया कि उसने अपनी पुत्री मोनिका ऊर्फ मोनी का विवाह बीती आठ मई 2022 को फतेह नगला निवासी रनवीर सिंह पुत्र रामसिंह के साथ किया। शादी में करीब सात लाख रूपये खर्च किया। मगर उसके ससुराल वाले से संतुष्ट नहीं थे। दहेज में दो लाख रूपये और बिल्सी में सौ गज का एक प्लाट मायके से दिलाने के लिए आये दिन प्रताड़ित करते थे। इसी को लेकर उसकी पुत्री मोनी के मुँह में कपड़ा ठूस कर गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस सोमवार को बिजनौर-बदायूं हाइवे पर स्थित नरैनी चौराहा के पास से वांछित चल रहे मृतका के रनवीर सिंह और ससुर राम सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## नाम परिवर्तन

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम निजाकत अली है, जो कि गलत है। मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम निजाकत अली खां है। भविष्य में मुझे निजाकत अली खां के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**निजाकत अली खां पुत्र श्री रिफाकत अली नि. कस्बा ककराला वार्ड नं.-2 म.नं. 162 जिला बदायूं**

### जनपद में सड़क हादसों के कारण तीन लोगों की जान चली गयी

# अज्ञात वाहन की टक्कर से चाचा गंभीर ,भतीजे ने दम तोड़ा

- सहसवान कोतवाली क्षेत्र में जल जीवन मिशन के मजदूर की मौत हुई
- बिसौली क्षेत्र में सड़क हादसे के शिकार वुक्ति की शिनाक्त नही हो सकी





अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** बीते 24 घंटे के दौरान जिले में विभिन्न सडकों पर वाहनों की तीव्रगति का कहर सार्वजनिक हुआ ।इस क्रम में ध्यान देंकि अलग-लग सड़क हादसों के दौरान तीन लोगो को जान चली गयी। इनमे एक मृतक की शिनाक्त करने को कोतवाली पुलिस परेशान रही।इण हादसों के क्रम में अवगत करादें कि रविवार की देर रात फैजगंज बेहटा इलाके में पैदल राहगीर को कोई अज्ञात वाहन मौत के घाट उतार गया।इसके अलावा इस्लामनगर मार्ग पर बाइक सवार चाचा-भतीजा हादसे के शिकार बने जिसमे भतीजे ने दम तोड़ दिया।और सहसवान कोतवाली क्षेत्र में टैम्पो वाहन की टक्कर से जलजीवन मिशन कार्य में लगे एक मजदूर की जान चली गयी।पुलिस ने सोमवार को मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

**बिसौली।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के कस्बा मुड़िया धुरेकी के समीप पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा युवक की मौके पर हुई मौत। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के मुड़िया धूरे की कस्बे के पास का है जहां सोमवार की सुबह एक युवक पैदल जा रहा था तभी तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। अभी तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सूचना पर पहुंची फ़ैजगंज बेहटा थाना पुलिस युवक की शिनाख्त कराने की कोशिश कर रही है वहीं पुलिस ने शव को मोर्चरी के लिए भेज दिया है। इधर करनपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर एक युवक की मौत एक हुआ घायल घायल को सीएचसी बिसौली में कराया भर्ती। इस्लामनगर बिसौली रोड पर स्थित करनपुर गांव के पास का है जहां बीती रात ग्राम भगतपुर( इस्लामनगर) निवासी युवक लल्ला बाबु पुत्र हरपाल सिंह अपने चाचा चन्द्रभान के साथ बाइक पर सवार होकर जारहे थे।इसी समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों में जोरदार टक्कर मार दी ।टक्कर लगने के बाद बाइक सवार युवक लल्ला की मौके पर ही मौत हो गई वहीं मृतक के चाचा चन्द्रभान को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सोमवार को जिला मुख्यालय पर शव का पोस्टमार्टम कराया तथा अज्ञात मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाकर उसकी शिनाक्त के प्रयास शुरू कर दिए थे ।

**सहसवान।** जल जीवन मिशन के तहत पाइप डालने वाले मजदूर को सड़क पार करते समय टेंपो ने पीछे से टक्कर मार दी ;इस दुर्घटना के शिकार मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।यह मार्ग दुर्घटना सोमवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र मंर इस्लामनगर मार्ग पर सरसोंता के पास की रही।बतादे कि हरिदत्त पुत्र सुखलाल निवासी गांव सीमल थाना चित्र जनपद देवघर झारखंड अपने पुत्र वरुण के साथ जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप डालने का कार्य करता था।जिसे सोमवार को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार टेंपो ने पीछे से टक्कर मार दी।जिसके चलते झारखंड निवासी मजदूर हरि दत्त की मौके पर ही मौत हो गई। इसी दौरान ब्लॉक प्रमुख पति विक्रांत यादव अपने साथियों के साथ जा रहे थे घटना को देखकर रुक गए और पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबको सील कर पीएम को भेजा है

## सेकुलर नेता आबिद रजा बने स्टार प्रचारक



**बदायूं ।** लोकसभा चुनाव अपनी तेजी पर पहुंच गया है।ऐसे में समाजवादी पार्टी अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए कोई कोरकसर शेष नही छोडती दिख रही है। इसके लिए प्रचार-प्रसार से लेकर जीत सुनिश्चित हेतु अपने विश्वाश्दारों को अहम् जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।इसक्रम में ध्यान देंकि तेजतर्रार भाषण व मेहनत को लेकर नामचीन स्थानीय सेकुलर नेता पूर्व मंत्री आबिद रजा को समाजवादी लगातार प्रथम पायदान पर रखे हुए है।अब समाजवादी पार्टी ने सीनियर क्रम में पूर्व सदर विधायक आबिद रजा को स्टार प्रचारक बनाकर अलग जिम्मेदारी दी है।जिले के सेकुलर नेता व पूर्व मंत्री आबिद रजा को स्टार प्रचारक बनाए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फंदे पर लटका मिला



अमर प्रभात संवाद

**म्याऊं।** क्षेत्र के गांव गौंतरा भौनी पट्टी में युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकता हुआ मिला।

बताया जाता है कि मृतक सतीश शर्मा उसावां थाना क्षेत्र के गौंतरा भौंनी पट्टी के मूल निवासी थे। सतीश शर्मा सोमावर सुबह जब 8 बजे तक घर से बाहर नही निकले। तो परिवार के लोगों ने घर में अंदर जाकर देखा। तो दीवार में लगी खुटी से रस्सी के फंदे पर सतीश ( 35 ) का शव लटका हुआ था। जिसको देखकर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक सतीश शर्मा दो भाई थे, जिसमें वह दूसरे नम्बर के थे। उनके तीन बेटी और एक बेटा है। मृतक की कुछ दिन पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति से रूपये लेन देन को लेकर झगड़ा भी हुआ था। फिलहाल परिवार वालों ने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी है।

# विवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत, मायके पक्ष के लोगों ने काटा हंगामा

### मृतका के भाई की तहरीर पर अभियोग दर्ज,पुलिस ने शुरू की जांच



अमर प्रभात संवाद

**उझानी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव अब्दुल्लागंज में एक विवाहिता की अपने घर में संदिग्धावस्था में मौत हो गई। विवाहिता की मौत की सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने जमकर कर हंगामा काटा और दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने पति समेत परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ दहेज हत्या की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। परिजनों का कहना है कि विवाहिता ने फांसी पर लटक कर अपनी जान दी है।

गांव अब्दुल्लागंज निवासी कैलाश के पुत्र अंशुल की पत्नी सरिता ( 19 ) की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। सरिता की मौत के बाद उसके पति ने सरिता के मायके पक्ष को सूचना दी जिस पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने उसका शव घर में पड़ा देख जमकर हंगामा काटा और पति समेत देवर एवं सास-ससुर पर दहेज हत्या का आरोप लगाया जबकि पति ने मायके पक्ष को बताया कि सरिता ने फांसी पर लटक कर अपनी जान दी है। हंगामा काटने के बाद मृतका का भाई प्रदीप अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और पुलिस को दहेज हत्या की तहरीर देर कार्रवाई की मांग की।

मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस अब्दुल्लागंज पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया और दोनों पक्षों से जानकारी ली। पुलिस ने शव को अपने कब्जें में लेकर उसका पीएम कराने के बाद मायके पक्ष को सौंप दिया है। मृतका के भाई बरेली जनपद के थाना फतेहपुर पूर्वी के गांव हेमूपुरा निवासी प्रदीप ने बताया कि उसकी बहन की शादी उझानी के गांव अब्दुल्लागंज निवासी अंशुल के साथ हुई थी और शादी में दान दहेज भी दिया गया। प्रदीप का आरोप है कि उसकी बहन सरिता को पति और उसके घर वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहते थे और कई बार मारपीट कर उसकी बहन को घर से भी निकाला था लेकिन रिश्तेदारों और गांव के लोगों ने पंचायत कर हर बार मामला निपटाया था।

प्रदीप का आरोप है कि उसकी बहन को पति अंशुल ने अपने भाई मोहित और पिता कैलाश तथा मां सोमवती के साथ मिल कर मार डाला। उसने अपने बहनोई की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसके बहनोई ने उसे फोन कर बताया कि सरिता की तबीयत खराब है आ जाओ और जब वह अपने परिजनों के साथ बहन के घर पहुंचा तब उसकी लाश चारपाई पर पड़ी हुई थी। पुलिस ने भाई प्रदीप की तहरीर पर पति समेत देवर और सास-ससुर पर अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घोटाले के आरोप में एमबीसियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा



अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में विगत दो साल से कार्य कर रहे एमबीसियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जिलाधिकारी को मांगपत्र देकर कम्पनी में हुए घोटाले की निष्पक्ष जांच कार्यवाही की मां की है। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद इन सभी एमबीसियों ने बताया कि अत्याती कंपनी द्वारा हमारे माध्यम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार हेतु लोन बांटा जाता हैं।जिसे मासिक किस्त के रूप में वापस लिया जाता है।शुरू में कंपनी के आलाधिकारियों द्वारा जैसे बताया गया उसी माध्यम से ग्राहकों से लेकर किस्तों की धन राशि को जमा किया गया। लेकिन अब पिछले कुछ महीनों से पता चला है कि कंपनी द्वारा ग्राहकों की किस्तों को नहीं काटा और जमा की गई धन राशि का घोटाला कर दिया है। जिसके चलते सभी कस्टमरों की सिविल खराब होने का भी जिक्र करते हुए, ज्ञापन में कंपनी से ग्राहकों की किस्तें जमा कराकर उनकी सिविल सही कराएं जाने की मांग की गई है।इस मामले में जांच कार्यवाही की मांग करने वालों में विजयपाल, अनिल कुमार, नेक सिंह, अनुज तोमर, प्रदीप यादव, पंकज कुमार, सोहेल खान, अवनीश कुमार, योगेश पुरी, दुर्गेश कुमार, अहमद, नसीम आदि मौजूद रहे।

## सभी तरह के कष्टों से मुक्ति दिलाता है सुंदरकांड पाठ



अमर प्रभात संवाद

**बिल्सी।** हनुमान जी के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर सोमवार को नगर के मोहल्ला संख्या पांच स्थित सिध्दपीठ श्री बालाजी धाम पर सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। सुंदरकांड का महत्व बताते दरबार के प्रधान मंहत मटरुमल शर्मा महाराज ने कहा कि कलयुग में लोगों को अगर रोग तथा कष्टों से मुक्ति चाहिए तो घर-घर सुंदरकांड पाठ करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड के पाठ करने से हनुमान जी अपने भक्तों के सारे कष्टों को दूर कर देते है। इससे पहले यहां कई धार्मिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए। बाद में आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर तमाम भक्त मौजूद रहे।

# जनपदीय स्कूलों में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यकर्म आयोजित

### शिक्षण संस्थाओं में लघुनाटिका एवं विविध प्रतियोगिता से अर्थ-डे का महत्व समझाया, शिक्षक एवं छात्रवर्ग ने पृथ्वी दिवस पर विचार व्यक्त किये











अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** गतवर्ष की भांति 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर जिले में परम्परागत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दिन पृथ्वी दिवस की धूम सभी जनपदीय स्कूलों में रही।जिनमे विविध आयोजन पर प्रतियोगिता के माध्यम से अर्थ-डे का महत्व समझाया गया ।इस मौके पर शिक्षक स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने अपने ओजस्वी विचारों से अवगत कराया ।

इसी क्रम में ब्लूमिंगडेल स्कूल परिसर में सोमवार को 'अर्थ डे' (पृथ्वी दिवस) के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।छात्र वर्ग ने काव्य पाठ, लघुनाटिका का प्रस्तुतिकरण कर पृथ्वी के तत्वों के संरक्षण से सम्बन्धित जानकारिय दीं।तथा भाषण के माध्यम से हमारे जीवन में पृथ्वी का अस्तित्व वर्तमान में पृथ्वी की स्थिति आदि के विषय में बताया।अर्थ डे के अवसर पर 'पोस्टर मेकिंग' प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।प्रधानाचार्य संजीव सिंह राठौर ने 'अर्थ डे' मनाने का कारण, पृथ्वी के रख-रखाव व सुरक्षा के प्रति हमारी जिम्मेदारी आदि के विषय में अवगत कराया। मैनेजिंग हेड ईशान मेंहदीरत्ता ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं आदि के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में निहित प्रतिभा को उकेरना एवं उनके जीवन से सम्बन्धित विभिन्न विषय के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना होता है। इस मौके पर स्कूल अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता, निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, श्वेता मेंहदीरत्ता तथा समस्त विद्यालय परिवार ने बच्चों के मनोबल को बढ़ाते हुए उनके सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की।

लॉर्ड कृष्णा इन्टरनेशल स्कूल में भी सोमवार को अंतरराष्टीय पृथ्वी दिवस बड़े ही धूम धाम से मनाया गया।कार्यकर्म के मुख्य अतिथि विद्यालय अध्यक्ष वेदव्रत त्रिबेदी, उपाध्यक्ष तेजस्व त्रिवेदी, निदेशिका छवि त्रिवेदी एवं रीता त्रिवेदी, शैक्षिक निदेशक देवव्रत त्रिवेदी एवं प्रधानाचार्या पायल दुवे की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने भाषण के माध्यम से पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने के लिए सभी से अनुग्रह किया। कार्यक्रम को अन्तिम रूप देते हुए मुख्य अतिथि विद्यालय अध्यक्ष वेदब्रत त्रिवेदी ने कहा पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिए इस धरती व पर्यावरण को बचाना बहुत जरूरी है। तथा तेजस्व त्रिवेदी ने अपने वक्तव्य में पृथ्वी दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि पृथ्वी दिवस का महत्व इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि, इस दिन हमें ग्लोबल वार्मिंग के बारे में पर्यावरणविदों के माध्यम से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का पता चलता है।प्रधानाचार्या पायल दुबे ने अपने वक्तव्य में कहा की पृथ्वी दिवस का महत्व मानवता के संरक्षण के लिए बढ़ जाता है, यह हमें जीवाश्म इंधन के उत्कृष्ट उपयोग के लिए प्रेरित करता है।

दातागंज ङ्क नगर स्थित ब्लूमिंग डेल स्कूल में भूमि दिवस बहुत धूम धाम से मनाया गया । इस मौके पर स्कूली बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोंगों को भूमि संरक्षण का सन्देश दिया।स्कूली छात्र छात्राओ ने लघु-नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्र वैभव विक्रम व छात्रा काव्य सक्सेना की प्रेरणादायक कविता बहुत शानदार रही। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यक्षा पम्मी मेहंदीरत्ता, निदेशक ज्योति मेहंदीरत्ता, मुख्य व्यवस्थापक ईशान मेहंदीरत्ता तथा श्वेता मेहंदीरत्ता,प्रधानाचार्य अनुपम प्रकाश विश, विभाग प्रमूख कीर्ति शर्मा, मीनाक्षी यादव, प्रवेश प्रमूख दुर्गेश झा का विशेष सहयोग रहा। आयोजन के समय -सभी शिक्षिकाए और शिक्षकगण मौजूद रहे ।

मदर एथीना स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर कक्षा प्लेग्रुप से कक्षा केजी तक के विद्यार्थियों ने ब्लू डे के रूप में मनाया। जिसके अंतर्गत प्रार्थना-सभा में शिक्षक खुशाल अरोरा द्वारा जीवन में पृथ्वी के महत्व के विषय में बताया गया। विद्यालय एवं कक्षाओं को नीले रंग के गुब्बारों एवं कलाकृतियों से सजाया गया। बच्चें नीले रंग की पोशाक में विद्यालय आये। बच्चों ने नीले रंग की पतंग, मछली एवं बादल बनायें तथा नीले रंग की वस्तुओं को पहचानना सीखा। विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि छोटे बच्चों को विविध अवसरों पर खेल के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना बहुपयोगी होता है।

**बिल्सी।** भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज के प्राइमरी विभाग में सोमवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा पांच के विद्यार्थियों की भाषण एवं कक्षा चार-तीन के मध्य पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में अर्पित प्रथम, मानस द्वितीय, दीक्षा शाक्य तृतीय और पोस्टर प्रतियोगिता कक्षा चार में निकहत प्रथम, शशांक द्वितीय, संध्या तृतीय, कक्षा तीन से देव माहेश्वरी प्रथम, आराध्या द्वितीय, पूर्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा ने कहा हमने पृथ्वी पर जन्म लिया है और हमें अपनी धरती मां को बढ़ते पर्यावरणीय क्षरण से बचने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर निशा शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, पीयूष यादव, देव सिंह ठाकुर, अमित दीक्षित, रोहित सिंह, आशीष तोमर, अंशिका माहेश्वरी व मंजेश आदि मौजूद रहे। इधर, रोहान स्थित ओम नमःशिवाय डा. वीपी सिंह सोलंकी इंटर कॉलेज में पृथ्वी दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह सोलंकी ने बताया कि इस दिन को मनाने का मकसद पर्यावरण को होने वाले खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना है छात्र-छात्राओं ने सुंदर रंगोली बनाकर पृथ्वी दिवस का संदेश दिया। इस अवसर पर राधा कश्यप, सुनील कुमार सिंह, वीर बहादुर, राजेश कुमार सिंह, अजय शाक्य, पूनम पटेल, गीता पाल, रितु शर्मा, नाजिम व रूपम आदि मौजूद रहे।

## यज्ञ की परिक्रमा लगाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है



अमर प्रभात संवाद

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव सिरतौल में फुलवार मंदिर पर चल रहे पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चौथे दिन वैदिक मंत्रोच्चार से विधिवत आचार्यों द्वारा यजमान लोगों से आहुति लगवाई गई। इसके अलावा यहां पंहुचे क्षेत्र के भक्तों ने यज्ञ में सम्मिलित होकर परिक्रमा करके पुण्य लाभ अर्जित किया।

समिति के लोगों ने बताया कि जो भी व्यक्ति यज्ञ की परिक्रमा श्रद्धा के साथ लगाता है। उसकी सभी मनोकामनाएं शीघ्र पूर्ण हो जाती है। उन्होंने बताया कि यज्ञ की पूर्ण आहुति 23 अप्रैल को होगी। इस दिन हनुमान जन्मोत्सव व सुंदरकांड के पाठ का आयोजन भी किया जाएगा। उसके बाद शाम एक विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के लोग भंडारे में पंहुच कर प्रसाद ग्रहण करेगें। इस अवसर पर विजेंद्र सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, अर्पित शर्मा, क्षितिज प्रताप सिंह, प्रियांशु सिंह, शिशु सिंह, ओमपाल सिंह, पूरन मिश्रा, जयनारायण, विष्णु गुप्ता, ललित कुमार सिंह, अभय प्रताप सिंह, कृष्ण अवतार गुप्ता, सुनील मिश्रा, अरुण शर्मा, मोहित सिंह व अनमोल सिंह आदि मौजूद रहे।